बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 121 | शुक्रवार 23 अगस्त 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

# PM MODI बोले- रणभूमि में नहीं हो सकता समस्या का समाधान

- लोकतंत्र के शासन पर आधारित है भारत और पोलैंड के संबंध: पीएम मोदी
- UN और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में हो रिफॉर्म: प्रधानमंत्री



**एएनआई, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड के बीच संबंध लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बड़े स्तर पर ले जाया जाएगा और इसमें निजी निजी क्षेत्रों को भी जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता है। उन्होंने शांति और स्थिरता की बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति का समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने के लिए भारत में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी, हरित, हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। भारत ने फिनटेक, फार्मा और स्पेस जैसे क्षेत्रों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें इन क्षेत्रों में पोलैंड के साथ अपने अनुभव साझा करने में खुशी होगी। पीएम मोदी ने इस दौरान वठ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म करने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। हम दोनों सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म वर्तमान समय की मांग है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो. नं:-9911733939

## सीएम ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पातल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की जघन्य घटना के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के खिलाफ कड़े और सख्त कानून बनाने की मांग की है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलापन बंदोपाध्याय ने राज्य सचिवालय नवान्न में पीएम को भेजे गए पत्र मीडिया के समक्ष पढ़ा। उनके मुताबिक ममता बनर्जी ने पत्र में लिखा, 'आदरणीय प्रधानमंत्री, मैं आपके ध्यान में बलात्कार की नियमित और बढ़ती घटनाओं को लाना चाहती हूं। पूरे देश में मामले सामने आते हैं और कई मामलों में हत्या के साथ बलात्कार भी होते हैं।'ममता ने आगे लिखा, 'यह देखना भयावह है कि पूरे देश में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार के मामले सामने आते हैं, जो समाज और राष्ट्र के आत्मविश्वास और विवेक को झकझोर देते हैं। इसे समाप्त करना हम सभी का परम कर्तव्य है, ताकि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। ऐसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को ऐसे नृशंस अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अनुकरणीय दंड का प्रावधान करने वाले कड़े केंद्रीय कानून के माध्यम से व्यापक तरीके से संबोधित करने की आवश्यकता है।'साथ ही ममता ने ऐसे मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की मांग करते हुए लिखा, 'ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना पर भी प्रस्तावित कानून में विचार किया जाना चाहिए, ताकि ऐसे मामलों में सुनवाई 15 दिनों के भीतर पूरी की जा सके।'

## 『सुविचार』




## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद डॉक्टरों की हड़ताल खत्म



एएनआई, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डॉक्टरों के हड़ताल वापस लेने का आग्रह किया। साथ ही सरकार को भी डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने हड़ताल वापस ले ली है।भारत के मुख्य न्यायाधीश के सकारात्मक निदेशों के बाद FAIMA ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम अंतरिम सुरक्षा और अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक कदमों के लिए हमारी प्रार्थनाओं की स्वीकृति का स्वागत करते हैं।दिल्ली में रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए), इंदिरा गांधी अस्पताल (आईजीएच) ने सुप्रीम कोर्ट के आश्वासन के बाद 11 दिन की हड़ताल समाप्त कर दी। 12 अगस्त से डॉक्टर्स एसोसिएशन ने प्रदर्शन शुरू किया था, जिससे सभी अस्पताल में मरीजों परेशान थे, ओपीडी की सुविधा बंद कर दी गई थी। अब सभी डॉक्टर्स हड़ताल खत्म कर वापस ड्यूटी पर लौट गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले दिन में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से काम शुरू करने को कहा था और उन्हें आश्वासन दिया था कि काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जायेगी।

# दुनिया के बड़े नेताओं को पीछे छोड़ पीएम मोदी रचेंगे इतिहास

**एजेंसी नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार शाम छह बजे के करीब पोलैंड की राजधानी वारसा पहुंच गये। यह 45 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड यात्रा है। पीएम मोदी तीन दिनों की विदेश यात्रा पर पोलैंड और यूक्रेन गये हैं। 21 और 22 अगस्त को पोलैंड में उनका प्रवास होगा और इसके बाद वह 23 सितंबर को कुछ घंटों के लिए यूक्रेन जाएंगे। पोलैंड से यूक्रेन की यात्रा पीएम मोदी 'रेल फोर्स वन' ट्रेन से करेंगे। इसमें दस घंटे का समय लगेगा।गुरुवार को पीएम मोदी की पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उसी दिन मोदी की पोलैंड के राष्ट्रपति अंद्रजेज डुडा, पोलैंड के उद्योगपतियों और इंफ्यूलेंसर्स से अलग-अलग मुलाकात होगी। इसके बाद देर शाम मोदी यूक्रेन के लिए रवाना हो जाएंगे। वर्ष 1991 में पूर्व सोवियत गणराज्य से अलग होकर बने देश यूक्रेन की यह किसी भारतीय पीएम की पहली यात्रा होगी। शुक्रवार को उनकी राजधानी कीव में राष्ट्रपति



वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक होगी। पोलैंड रवाना होने से पहले एक बयान जारी कर पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ वह यूक्रेन-रूस तनाव को समाप्त करने को लेकर बातचीत करेंगे। पीएम ने भारत को यूक्रेन का मित्र व साझेदार बताते हुए आशा व्यक्त किया कि इस क्षेत्र में शीघ्र अमन व शांति स्थापित होगी। उन्होंने कहा, 'पोलैंड के साथ कूटनीतिक संबंधों के 70 वर्ष पूरा होने के अवसर पर मैं वहां की यात्रा कर रहा हूं। मध्य यूरोप में पोलैंड हमारा सबसे बड़ा साझेदार देश है। हम दोनों देश लोकतंत्र व बहुवादी व्यवस्था में विश्वास करते हैं, जिससे हमारे रिश्ते और मजबूत होते हैं। हम आपसी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने मित्र पीएम डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेजेज डुडा से मिलने को उत्सुक हूं।'पीएम मोदी पौलेंड में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी अलग से मुलाकात करेंगे। वहां तकरीबन 25 हजार भारतीय अभी रहते हैं, जिनमें 5,000 छात्र हैं। मोदी ने आगे कहा, 'पोलैंड के बाद मैं यूक्रेन की यात्रा पर जाउंगा, जहां राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात होगी।' यह किसी भारतीय पीएम की पहली यूक्रेन यात्रा होगी। पीएम ने कहा, 'द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और मौजूदा यूक्रेन विवाद के समाधान के लिए मेरी राष्ट्रपति जेलेंस्की से पहले जो बातचीत हुई है, हम उसे और आगे बढ़ाएंगे। मुझे भरोसा है कि इन दोनों देशों की यात्रा से भारत के साथ इनके रिश्तों को आगे और ज्यादा मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।' यूक्रेन और रूस के बीच फरवरी, 2022 से युद्ध चल रहा है। पिछले दो हफ्तों से यूक्रेन व रूस की सीमा पर इनकी सेनाओं के बीच फिर से नये मोर्चे खुलने की सूचना है। कीव के आस पास के इलाकों में भी रूस की वायु सेना की तरफ से हमले होने की खबरें आ रही हैं। सुरक्षा की वजहों से ही कीव के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बंद कर हैं। पीएम मोदी जिस ट्रेन से कीव पहुंचेंगे उसी ट्रेन से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रा, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज यूक्रेन की यात्रा कर चुके हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मोदी की भावी यूक्रेन यात्रा को ऐतिहासिक करार दिया है।युद्ध की शुरूआत के बाद जिन वैश्विक नेताओं ने कीव की यात्रा की है, वह सारे ही यूक्रेन के साझेदार और रूस के विरोधी हैं। मोदी पहले वैश्विक नेता होंगे, जिनके रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ भी दोस्ताना संबंध है। 09-10 जुलाई, 2024 को मोदी मॉस्को गये थे, जहां उन्होंने पुतिन के निजी आवास में पांच घंटे बिताये थे। इस पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिकी विदेश मंत्रालय व एनएसए ने काफी नाराजगी भी जताई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- किसानों की समस्याएं जल्द हल करने के लिए गठित होगी समिति

- किसान राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत।
- कोर्ट का पंजाब-हरियाणा सरकार को निर्देश- किसानों से बातचीत जारी रखें, बॉर्डर खुलवाने को करें राजी।

**पीटीआई, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह किसानों की शिकायतों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहु-सदस्यीय समिति गठित करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर के लिए तय की।पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे समिति को किसानों से संबंधित संभावित मुद्दे बताएं। पंजाब सरकार ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि शीर्ष



अदालत के 12 अगस्त के आदेश का अनुपालन करते हुए उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठक की, जिसमें वे अवरुद्ध राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हुए।पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करते रहें और उन्हें राजमार्ग से अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करें।12 अगस्त को शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार से कहा था कि वह 13 फरवरी से शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। कोर्ट ने कहा कि ₹राजमार्ग पार्किंग स्थल नहीं हैं।₹बता दें कि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था, जहां प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए थे, जब 'संयुक्त किसान मोर्चा' (गैर-राजनीतिक) और 'किसान मजदूर मोर्चा' ने घोषणा की थी कि किसान अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे, जिसमें उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी शामिल है।

# बांग्लादेश में बाढ़ की स्थिति को लेकर विदेश मंत्रालय ने दी सफाई

**एएनआई, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि त्रिपुरा में गुमती नदी के ऊपर डंबूर बांध के द्वार खोलने से बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर स्थित जिलों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है।विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'हम यह बताना चाहेंगे कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में इस वर्ष की सबसे भारी बारिश हुई हैइसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में इस साल की सबसे भारी बारिश हुई है। बांग्लादेश में बाढ़ मुख्य रूप से बांध के नीचे इन बड़े जलग्रहण क्षेत्रों के पानी के कारण है। मंत्रालय ने यह भी



कहा कि डंबूर बांध सीमा से काफी दूर स्थित है - बांग्लादेश से 120 किलोमीटर ऊपर। यह कम ऊंचाई (करीब 30 मीटर) का बांध है जो बिजली पैदा करता है और ग्रिड में जाता है, जिससे बांग्लादेश त्रिपुरा से 40 मेगावाट बिजली भी लेता है।विज्ञप्ति में कहा गया है, 'नदी के लगभग 120 किलोमीटर मार्ग पर अमरपुर, सोनामुरा और सोनामुरा 2 में हमारे पास तीन जल स्तर निगरानी स्थल हैं। 21 अगस्त से पूरे त्रिपुरा और बांग्लादेश के आसपास के जिलों में भारी बारिश जारी है। भारी जल प्रवाह की स्थिति में, पानी का स्वत: रिसाव देखा गया है।'

# कोलकाता केस में 'सुप्रीम' सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ

- कोलकाता हत्याकांड पर हुई 'सुप्रीम' सुनवाई
- 30 साल के करियर में ऐसी लापरवाही नहीं देखी- जस्टिस पारदीवाला
- CJI ने डॉक्टरों से की काम पर लौटने की अपील




**पीटीआई, नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार और पुलिस से कई सवाल किए और कई मौको पर फटकार लगाते भी दिखे। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। कोर्ट ने कोलकाता पुलिस की देरी को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। कोर्ट ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से काम पर लौटने को भी कहा और उन्हें आश्वासन दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वत: संज्ञान लिया था

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान किए गए सवाल-जवाब की बड़ी बातें

✶न्यायमूर्ति पारदीवाला ने सुनवाई करते हुए कहा कि आपके राज्य द्वारा अपनाई गई पूरी प्रक्रिया ऐसी है जिसका सामना मैंने अपने 30 वर्षों के अनुभव में कभी नहीं किया।

✶जस्टिस पारदीवाला ने पूछा कि पोस्टमार्टम किस समय किया गया था? आपके रिकॉर्ड से। सिब्बल ने कहा कि शाम 6:10 से 7:10 बजे तक। जस्टिस पारदीवाला ने कहा जब आप शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए तो क्या यह अननैचुरल डेथ का मामला था या नहीं.. अगर यह अननैचुरल डेथ नहीं थी तो पोस्टमार्टम की क्या जरूरत थी..? जब आप पोस्टमार्टम करना शुरू करते हैं तो यह अननैचुरल डेथ का मामला है..

✶जस्टिस पारदीवाला ने पूछा कि यूडी केस 861 रात 11.30 बजे दर्ज किया गया और एफआईआर 11:45 पर दर्ज की गई। क्या यह रिकॉर्ड सही है? सिब्बल ने कहा यूडी दोपहर 1:45 बजे दर्ज की गई।

✶एससी ने कहा कि हम इन दोनों रिपोर्टों को कैसे जोड़ सकते हैं.. यूडी के पंजीकरण से पहले पोस्टमार्टम होता है.. यह आश्चर्यजनक है। कृपया कुछ अधिकारियों से बात करें, अगर यह सच है तो यह... जस्टिस पारदीवाला: कृपया एक जिम्मेदार बयान दें। जल्दबाजी में बयान न दें।

✶सीजेआई ने कहा कि डॉक्टरों को अपनी ड्यूटी पर वापस लौटना चाहिए और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे कोई भी कठोर कार्रवाई न करें। सीजेआई ने एक नेशनल टास्क फोर्स के गठन की भी घोषणा की जो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों से बात करेगी, जिसमें रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल हैं।

✶सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि टास्क फोर्स सभी हितधारकों की बात सुनेगा, जिसमें इंटर्न, रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। उखकने कहा, 'समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी प्रतिनिधियों को सुना जाए।'

✶सीजेआई ने कहा कृपया डॉक्टरों को आश्वस्त करें, हम उनके बारे में चिंतित हैं, कि उन्हें 36 घंटे काम करना पड़ता है... हम सभी के परिवार के सदस्य, रिश्तेदार हैं जो सरकारी अस्पतालों में गए हैं। मैं एक सरकारी अस्पताल के फर्श पर सोया हूं जब परिवार में कोई बीमार था। हम इस दौर से गुजरे हैं, हमने डॉक्टरों को 36 घंटे काम करते देखा है।

✶बंगाल सरकार की ओर से पेश हुए सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हमने भी एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। एसजी ने कहा कि राज्य से स्थिति रिपोर्ट देने के लिए नहीं कहा गया था। सिब्बल बोले- यह आदेश में है। सीजेआई ने कहा कि हां, हमने कोलकाता पुलिस से रिपोर्ट जमा करने को कहा था। पीठ ने सीबीआई और राज्य सरकार द्वारा जमा की गई स्थिति रिपोर्ट पर गौर किया।

# देश में सुरक्षा का वातावरण नहीं है आखिर क्यों? सोचना चाहिए



एल.एस. हरदेनिया

**सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ उपाय सुझाए हैं। आशा है कि इन पर अमल होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने टॉस्क फोर्स बनाई है जो डॉक्टरों को किस प्रकार की सुरक्षा दी जाए इसकी सिफारिश करे। इस समय जनप्रतिनिधियों चाहे सांसद हो, चाहे विधायक हो शासन के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है, और भी महत्वपूर्ण व्यक्तियों को सुरक्षा दी जाती है। सुरक्षा में कभी-कभी एक दर्जन सुरक्षाकर्मी भी लगाए जाते हैं। कभी-कभी इनकी संख्या आवश्यकता से भी ज्यादा होती है।**

कोलकता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या भी कर दी गई। यह अत्यधिक दुखद घटना है। इसके विरोध में पूरे देश के डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी आक्रोश प्रकट कर रहे हैं। डॉक्टरों के साथ यह पहली घटना नहीं है। डॉक्टर अब सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम मांग रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सरकार कानून बनाए। यहाँ यह बताना आवश्यक होगा कि पूरे देश में इस समय असुरक्षा की भावना है। समाज का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं जो अपने को असुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हो। यहां तक कि वे भी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिन पर दूसरों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी है। आखिर क्यों? शायद इसलिए कि लोगों में अब कानून का भय खत्म हो गया है। प्रसिद्ध शासकीय अधिकारी श्री एम. एन. बुच (जो अब नहीं हैं) बताते थे कि जब वे बैतूल में कलेक्टर थे किसी विषय को लेकर एकाएक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने आक्रामक रूप ले लिया। जिस स्थान पर भीड़ थी और अपना रोष प्रकट कर रही थी, उस स्थान पर पुलिस का एक ही सिपाही था। उसने भीड़ के लिए एक रेखा खींच दी और और कहा कि जो इस रेखा को पार करेगा उसे सख्त कानून का सामना करना पड़ेगा। उसकी इस चेतावनी का असर हुआ और भीड़ आगे नहीं बढ़ पाई।




लॉ एंड आर्डर अथोरिटी अधिकारियों का ऐसा ही दबदबा हुआ करता था। अब तो आए दिन यह खबरे मिलती हैं कि रेत खनन माफिया ने बड़े अधिकारी पर हमला किया। जब उसने उनके विरूद्ध चोरी कर रेत ले जाने का अपराध कायम किया। अभी तक कई बड़े-बड़े अधिकारी खनन माफिया के शिकार हो चुके हैं।

अनेक कॉलेजों में और स्कूलों में आए दिन शिक्षकों पर हमले होते हैं। कुछ दिन पहले उज्जैन में सरेआम एक शिक्षक की हत्या कर दी गई। अभी हाल में भोपाल के एक कॉलेजों के संचालक पर दिन-दहाड़े हमला कर दिया गया। हमला करने वाले विद्यार्थी परिषद से संबंधित थे। विद्यार्थी परिषद इस समय के सत्ताधारी पार्टी से संबंधित हैं। रेलवे में यदि टीआई टिकट का पूछता है तो उस पर हमला कर दिया जाता है। अतिक्रमण कर अनेक लोग मकान बना लेते हें। जब अधिकारी उनको हटाने जाते हैं तो उन पर हमला कर दिया जाता है। बिजली का बिल नहीं देने पर बिजली बोर्ड के अधिकारी उस क्षेत्र की बिजली काटने जाते हैं तो उन्हें मारकर भगा दिया जाता है। बैंक का कर्ज वसूल करने के लिए यदि टीम जाती है तो उसे मोहल्ले में प्रवेश नहीं दिया जाता है। महिलाओं के साथ आए-दिन दुष्कर्म हो रहे हैं। जब अपराधी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जाती है तो इसी तरह की प्रतिक्रिया होती है और प्रभावशाली व्यक्ति उस अपराधी की रक्षा में खड़े हो जाते हैं।

अभी हाल में एक भाजपा के विधायक ने सांसदों को गाली (चूतिया कहा) दी और कहा कि इन्हें संसद से बाहर कर दिया जाये। अभी तक उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई पता नहीं है। बिहार की राजधानी पटना में विरोधी दल के बड़े नेता इकट्ठा हुए थे। भाजपा ने इस घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पटना में चोरों का सम्मेलन हो रहा है। कुल मिलाकर यदि वास्तविक हिंसा नहीं तो एक-दूसरे के बारे में हम हिंसक भाषा का उपयोग कर रहे हैं। इसे कैसे रोका जाए? यदि डॉक्टर के साथ हिंसा जारी रही तो फिर रोगियों का क्या होगा। कोलकता की घटना के पीछे क्या तथ्य हैं यह पता नहीं लगा है। परंतु जो समाज को संचालित करते हैं और जिनका समाज पर दबदबा रहना चाहिए यदि वे ही ऐसी स्थिति में आ जाएं कि वे असामाजिक तत्वों से डरें और अपना कर्तव्य निर्वहन न कर पाएं तो पूरे समाज में अराजकता फैल जाएगी। ब्रिटेन में पुलिस का इतना दबदबा है कि साधारणतः असामाजिक तत्व अपना सिर नहीं उठा पाते हैं। अमरीका में भी असामाजिक तत्वों को भी डर कर रहना पड़ता है। वहां न्याय की प्रक्रिया अत्यधिक द्रुत गति से चलती है। अभी कुछ दिन पहले वहां के एक काले नागरिक को गौरे पुलिस वाले ने मारडाला था। उसका अपराध द्रुत गति से तय हुआ और उसे आवश्यक सजा दी गई। हमारे देश में तो बरसों लग जाते हैं एक अपराधी को दंडित करने में। हमारे वर्तमान देश के मुख्य न्यायाधीष श्री चंद्रचूड़ इस संबंध में अनेक बार चिंता प्रकट कर चुके हैं। परंतु फिर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

सुरक्षा अकेली डॉक्टरों की नहीं पूरे समाज की आवश्यक है। यह कैसे संभव हो इस पर पूरे देश को विचार करना आवश्यक है। वैसे जहां तक डॉक्टरों की सुरक्षा का सवाल है आम लोगों में डॉक्टरों की प्रतिष्ठा में काफी कमी आई है। आम लोगों का चिंतन है कि डॉक्टर साधारणतः उनसे ज्यादा वसूली करते हैं। इस समय तो जो डॉक्टर अपने को प्रतिष्ठित समझते हैं उनमें से बहुसंख्यक ने अपनी कंसल्टेशन फीस 1000/- रूपए तक कर दी है। फिर कई किस्म की जाँचों को करवाना भी आवश्यक बता देते हैं। इनमें खून की जांच, एक्स-रे और भी अनेक किस्म की जांचे शामिल हैं।

स्वर्गीय बाबूलाल गौर एक किस्सा बताते थे। चुनाव में उनके विरोध में भोपाल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बिसारिया चुनाव लड़ रहे थे। वे मतदाताओं से संपर्क कर रहे थे। जब वे एक वरिष्ठ मतदाता के पास पहुंचे और उनसे वोट देने का अनुरोध किया तो उस मतदाता ने कहा कि मेरा वोट आपको उसी समय मिलेगा जब आप मुझे 200 रुपए देंगे। बिसारिया जी ने उस मतदाता से पूछा कि वोट देने के लिए पैसे की मांग तो मैं पहली बार सुन रहा हूँ। इस पर उस मतदाता ने कहा कि जब मैं आपके पास अपनी बीमारी का इजाल करवाने गया तो आपने पहले 200 रूपए रखवा लिये थे और सिर्फ मेरी नाड़ी देखकर मेरा इलाज बता दिया था। इस पर डॉक्टर बिसारिया को हंसी आना स्वभाविक था। परंतु यह एक उदाहरण है कि आम आदमी डॉक्टरों के बारे में क्या रवैया रखता है। आए दिन अखबारों में इस तरह के लेख छपते हैं कि जितने लोग डॉक्टरों के इलाज से ठीक होते हैं उतने ही लोग डॉक्टरों द्वारा गलत प्रिस्क्रिप्शन बताने से मरते हैं। फिर दवाईयों की कीमतों में अनापशनाप पैसा वसूल होता है। कुल मिलाकर आम आदमी के लिए इलाज उसकी पहुंच से बाहर हो गया है। यहां पर मैं दो अद्भुत उदाहरण देना चाहूंगा।

इंदौर में एक जाने-माने डॉक्टर थे। वे अपनी परामर्श फीस के रूप में सिर्फ 16 रूपए लेते थे। उनका ज्ञान भी अद्भुत था। भारी संख्या में लोग उनके पास इलाज के लिए जाते थे। एक मौका ऐसा आया जब इंदौर के अनेक डॉक्टरों ने उनसे अनुरोध किया कि वे अपनी परामर्श फीस बढ़ा दें परंतु वे अपनी फीस पर कायम रहे। इसी तरह इंदौर के कम्युनिस्ट नेता होमीदाजी थे उनकी बेटी थी रोशनी। वह मोस्को से मेडिकल शिक्षा लेकर आई थी। उसने अपना क्लीनिक इंदौर की एक गरीब बस्ती में खोला और परामर्श शुल्क के रूप में वह सिर्फ 5 रूपए लेती थी। दुर्भाग्य से कुछ दिनों में उसकी कैंसर की बीमारी से मृत्यु हो गई। कुल मिलाकर यदि डॉक्टर आम जनता का ख्याल रखें तो जनता ही उनकी रक्षा करेगी। भोपाल में आँख के एक बड़े डॉक्टर थे संतोष सिंह। उनका कोई रोगी निरोग होकर अपने गाँव जाना चाहता था तो वे उससे पूछते थे कि जाने के लिए तेरे पास किराया है? यदि वह कहता था कि नहीं तो प्रायः वे अपनी पॉकेट से उसको पैसे दे देते थे। दवाईयां तो वह प्रायः मुफ्त दिया करते थे। इन सारे तथ्यों के बावजूद डॉक्टरों को सुरक्षा की आवश्यकता है और शासन को उसे उपलब्ध करवाना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ उपाय सुझाए हैं। आशा है कि इन पर अमल होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने टॉस्क फोर्स बनाई है जो डॉक्टरों को किस प्रकार की सुरक्षा दी जाए इसकी सिफारिश करे। इस समय जनप्रतिनिधियों चाहे सांसद हो, चाहे विधायक हो शासन के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है, और भी महत्वपूर्ण व्यक्तियों को सुरक्षा दी जाती है। सुरक्षा में कभी-कभी एक दर्जन सुरक्षाकर्मी भी लगाए जाते हैं। कभी-कभी इनकी संख्या आवश्यकता से भी ज्यादा होती है। इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि क्या सभी सांसदों और विधायकों को इतनी सुरक्षा की आवश्यकता है? कुल मिलाकर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जिसपर अधोपांत विचार होना चाहिए।

## संपादकीय

### शीर्ष अदालत का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में ड़ॉक्टर से दरिंदगी को भयावह घटना बताते हुए पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई है। मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सबसे बड़ी अदालत ने घटना को चिकित्सकों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थागत विफलता पर चिंता जताई। सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं करने की भी बात की। अदालत ने कहा कि जमीनी बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म या हत्या का इंतजार नहीं कर सकता। देश भर के ड़ॉक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए काम पर लौटने की अपील की और चौदह सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स भी गठित की। प्रधान न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़. ने कहा कि यदि महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं, उनके लिए काम की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता के अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। एफआईआर में देरी, पीड़ित्ता की तस्वीरों/नाम का खुलासा होने और मृतका के माता-पिता को गलत सूचना देने पर भी अदालत ने कड़ी फटकार लगाई है। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गंभीर चोटों के साथ अस्त-व्यस्त हाल में मिलने के बाद से देश भर में चिकित्सकों, अस्पतालकर्मियों समेत जनता में गहरे आक्रोश को देखते हुए शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में सालाना 31-32 हजार से ज्यादा बलात्कार होते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो प्रति दिन 80 से अधिक बच्चियां/महिलाएं यौन हिंसा की शिकार होती हैं। अदालतों के सख्त फैसलों और कड़े.कानूनों के बावजूद बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सरकार और व्यवस्था बुरी तरह असफल साबित हुई हैं। अदालत ने भले ही यहां सिर्फ चिकित्सा पेशेवरों की चर्चा की है, असल में तो नन्हीं-नन्हीं बच्चियां तक यौन हमलों की शिकार हो रही हैं जिनको सुरक्षित रखने में हम बुरी तरह असफल हैं। राज्य सरकारों और पुलिस को चौकस बनाने के साथ ही जरूरी है कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर लैंगिक विभेद की गहरी जड़ों पर जोरदार प्रहार किया जाए। कहना न होगा कि जीने और सुरक्षित रहने का अधिकार भी मौलिक है। देश में शिक्षा और वंचना का जो स्तर है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि देश की हर महिला अदालत की शरण में नहीं जा सकती। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं के लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था चरमराने न पाए। यदि सरकारें इस काम में नाकाम रहती हैं, तो यकीनन वैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी जैसी से आज हम रूबरू हैं।

## चिंतन-मनन

### इच्छाओं को समर्पित करते जाओ

सभी इच्छाएं खुशी के लिए होती हैं। इच्छाओं का लक्ष्य ही यही है। किंतु इच्छा आपको कितनी बार लक्ष्य तक पहुंचाती है? इच्छा तुम्हें आनंद की ओर ले जाने का आभास देती है, वास्तव में वह ऐसा कर ही नहीं सकती। इसीलिए इसे माया कहते हैं। इच्छा कैसे पैदा होती है? किसी सुखद अनुभव की स्मृति या भूत के प्रभाव से इच्छा पैदा होती है। कुछ सुनने से भी इच्छा जागृत हो सकती है या किसी विशेष स्थान या व्यक्ति के संपर्क से। किसी और व्यक्ति की जरूरत या इच्छा भी तुम्हारी अपनी इच्छा के रूप में पैदा हो सकती है। मान लो कोई भूखा है, तो तुम्हें उसे खिलाने की इच्छा हो सकती है, या कोई तुमसे बात करना चाहता हो तो तुम्हारी भी उससे बात करने की इच्छा हो सकती है। कभी-कभी नियति या कोई घटना जिसमें तुम्हें भाग लेना है, तुममें इच्छा जाग्रत करती है, पर तुम अपने कृत्यों का कारण नहीं जानते।

इच्छाएं अपने आप उत्पन्न होती हैं, वे तुमसे पूछकर नहीं आतीं। जब इच्छाएं उत्पन्न होती हैं, तुम उनका क्या करते हो? यदि तुम सोचते हो कि तुम इच्छाहीन हो जाओ, तो यह भी एक और इच्छा है। मैं एक उपाय बताता हूं- सिनेमा देखने के लिए टिकट खरीदनी पड़ती है और यह टिकट प्रवेश द्वार पर देनी पड़ती है। यदि तुम उस टिकट को पकड़े रखोगे तो अंदर कैसे जाओगे? उसी प्रकार, यदि तुम किसी कॉलेज में दाखिल होना चाहते हो तो आवेदन पत्र की जरूरत है। उसे भरकर जमा करना पड़ता है। उसे पकड़कर नहीं रख सकते। इसी प्रकार जीवन-यात्रा में भी अपनी इच्छाओं को पकड़कर मत रखो, उन्हें समर्पित करते जाओ। जैसे-जैसे समर्पण करते जाओगे, इच्छाएं भी कम उत्पन्न होंगी। सौभाग्यवान वे हैं जिनमें इच्छा उत्पन्न ही नहीं होती, क्योंकि इच्छा जागृत होने के पहले ही वे तृप्त हैं।

# शर्मनाकः देह व्यापार का पदार्फाश, देवभूमि शर्मसार ?



नरेन्द्र भारती

महानगरों की गंदी संस्कृति का हिमाचल में आगाज अशुभ सकेंत है।यह प्रलय की आहट है। 8अगस्त को मशहूर पर्यटन स्थल कुल्लू के भुंतर में मनीकरण चौक पर एक होटल में रहे सेक्स रैकेट का पदार्फाश हुआ है पुलिस ने 10 युवतीयों को गिरफ्तार किया है' नेपाल की युवतियाँ यह रैकेट चला रही थी ' यह कोई पहला मामला नहीं है कुछ साल पहले मनाली में सैक्स रैकेट का मामला प्रकाश में आया था सैक्सरेकेट के पकड़े जाने से हर हिमाचली शर्मसार हुआ है।यह मामला हर समाचार पत्र की सुर्खियां बना हुआ है।देह व्यापार के संदेह में पुलिस ने जिस्मफरोशी से जुडी 9 महिलाओं और 2 पुरुषों को हिरासत में लिया था ।जिस्मफरोशी में पकडी. गई महिलाएं पंजाब ,हरियाण व उतर प्रदेश की थी ।किसी विडबवा है कि पड़ोसी राज्यों की इन महिलाओं की वजह से देवभूमि की साख पर बटटा लगा है।दो दलाल भी पकड़े गए है। समाचार पत्रों में खबरों के अनुसार गत वर्ष ऐसा ही एक पदार्फाश राजधानी शिमला में हुआ था जहां मालरोड़ पर एक मसाज सैंटर में जिस्मफरोशी का कारोबार चलता था जिसका शिमला पुलिस से पदार्फाश करके छह युवतियों समेत 8 को गिरफतार किया था।सैक्स रेकेट में पकड़ी गई युवतियों में एक थाईलैंड,तीन मणिपुर व तीन दिल्ली के रहने वाली थी।मसाज सैंटर के प्रबंधक को भी गिरफतार कर लिया था।प्रदेश सरकार को इस पर संज्ञान लेना होगा ताकि हिमाचल की अस्मिता पर दाग न लगे।दलालों को जेल के सीखचों में डालना चाहिए जो हिमाचल में ऐसे अडडे चला रहे है।मगरमच्छों को पकड़ना होगा ताकि यह कारोबार बंद हो सके।विदेशियों की पूरी छानबीन करनी होगी तथा अन्य राज्यों से आने वालों पर भी नजर रखनी होगी। गत वर्ष भी शिमला के एक होटल में पांच युवतियों सहित दस लोगों का पकड़े जाने से देवभूमि से विख्यात हिमाचल शर्मसार हुआ था। समझ नहीं आता कि बाहरी राज्यों से घूमने आने वाले लोग हिमाचल में भी गंदी संस्कृति की शरणस्थली बनाना चाहते हैं। इन घटनाओं से प्रदेश की छवि धूमिल होती जा रही हैं। समय-समय पर ऐसे मामले सुर्खियां बनती रहती है।हिमाचल में ऐसे मामलों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। दिल्ली ,मुम्बई ,कलकता व मद्रास जैसे महानगरों की इस संस्कृति को हिमाचली समाज कभी मान्यता नहीं दे सकता क्योकि देवभूमि में लक्ष्मण रेखा को लाघने वालों को हिमाचल समाज कभी नहीं बख्सेगा। मगर प्रदेश में घटित इन प्रकरणों से यह साबित हो रहा है कि इसकी जड़े गहरी होती जा रही हैं। देह व्यापार की इस विष बेल को काटना समय की मांग है तथा प्रदेश में देह व्यापार का विष फैलाने वाली इन विषकन्याओं का फन कुचलना होगा ताकि आने वाले समय में कोई इनका शिकार न हो सके। कंड़ाघाट में भी एक होटल में छापामारी के दौरान चार युवक व चार युवतियों को पकड़ा गया था।पकड़े गए युवकों में दो बग्लादेशी तथा अन्य युवक हरियाणा के रहने वाले थे। शिमला के एक होटल से जिस्मफरोशी करने वाली युवतियों को पकड़ा था। गत वर्ष चंबा में भी एक सैक्स रैकेट का पदार्फाश हुआ था। कुछ वर्ष पहले कुल्लू में भी सैक्स रैकेट चलाने वाली युवतियों को पकड़ा था।इन घटनाओं से प्रदेश पर एक प्रशनचिन्ह लग गया है।विडंवना देखिए कि चंद चांदी के सिक्कों की खनक के कारण शिक्षित व गरीबी की मार झेल रही व अभावग्रस्त नौजवान युवतियां दलालों के हाथों नीलाम हो रही है। और अपना जीवन बरबाद कर रही है। इस दलदल मे एक बार फंस गई तो इससे से बाहर निकलना बहुत ही मुशिकल है क्योकि ऐशो आराम की जिन्दगी जीने के लिए ऐसे अनैतिक व अवैध कारोबार में सलिप्त युबतियां को समाज में जलालत व जेलों में कैद होती है तो इनकी जिन्दगी नरक बन जाती है तब इन्हे होश आता है। आधुनिक दुनिया की चकाचैध में बढ़ती महत्वकांक्षाएं ही ऐसे गलत कार्य करवाती है तथा समाज में रुतबा बनाना तथा रातों-रात अमीर बनने के चक्कर में युवतियां ऐसे गलत काम को अंजाम दे रही है। आजिविका के लिए और भी कई सम्माजनक काम है। प्रदेश में ऐसे मामलो से समाज में चिंता पैदा कर दी है कि हिमाचल में यह सब घटित हो रहा है और हिमाचल पर बदनामी के दाग चस्पां हो रहे हैं। हिमाचल में घूमने के नाम पर पर्यटक होटलों में जिस्म फरोशी कर रहे है।ऐसे होटल प्रबंधकों के होटलों के लाईसैंस रदद करने चाहिए तथा मालिकों व प्रबंधकों के विरुद्ध कारवाई करनी चाहिए जो चंद पैसों की खातिर हिमाचल में देह व्यापार करवा रहे हैं।इन पैसे के लालची व नीच हरकतें करवाने वाले होटल चलाने वालों के कारण हिमाचल की साख को बटटा लगा है। हिमाचली समाज ऐसे कारनामों की कभी इजाजत नहीं देगा यहां के लोग की विश्व में अलग पहचान है।गनीमत रही की इन जिस्म फरोशी करने वालों मे हिमाचली की कोई युवती नहीं है यह युवतियां बाहरी देशों व अन्य राज्यों की है मगर यह बहुत ही दुर्भाग्य है कि हिमाचल में यह लोग गैर-कानुनी कार्य करके हिमाचल को बदनाम कर रहे हैं।पुलिस को चाहिए कि राज्य में हर होटल वालों की समय-समय पर निगरानी रखी जाए तथा होटल वालों को चाहिए कि हर आने-जाने वालों की पूरी छानबीन करने के बाद ही होटलों में रहने दिया जाए।पहचान-पत्र,आधार कार्ड और अन्य दस्वावेजों को देखकर ही कमरा दिया जाए।हिमाचली समाज को आगे आना होगा तथा ऐसे गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लामबंद होना होगा ताकि आने वाले समय में ऐसे प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके।पुलिस को भी बाहरी राज्यों से आने वालों की पूरी छानबीन करने के बाद ही हिमाचल की सीमा में प्रवेश करने दिया जाए ताकि ऐसे सदिग्ध लोगों की पहचान हो सके।पुलिस को इस रैकेट को चलाने वालों को बेनकाब करना चाहिए।ऐसे नीच कारोबार करने वालों को सजा देनी चाहिए जो समाज में गंदगी का प्रसार कर रहे है।इस गिरोह को नेस्तनाबूद करना होगा ताकि भविष्य में प्रदेश में ऐसे मामलों पर रोक लग सके।और प्रदेश में अनैतिक काम करने वालो पर शिकंजा कसा जाए।इस मामले में पुलिस सक्रिय रही तो मामले की सारी गुत्थियां भी सुलझेंगी और दोषी भी बेनकाब होगें। सैक्स रैकेट चलाने वाले दलालों कों हवालात में डालना चाहिए भले ही इन युवतियों को अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है परन्तु देवभूमि पर लगा यह दाग कैसे मिटेगा। वक्त अभी संभलने का है। दलालों को सरेआम बेनकाब किया जाए यह प्रदेश हित मे है '

( वरिष्ठ पत्रकार)

# जम्मू-कश्मीरः नये भूगोल में विधानसभा चुनाव



प्रमोद भार्गव

जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार समग्र समाजों को मिले मतदान के अधिकार के साथ विधानसभा चुनाव होगा। अभी तक यहां दलित एवं जनजातीय समुदायों को मताधिकार ही प्राप्त नहीं था जबकि अब उन्हें आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। यहां का भूपरिदृश्य बदलने एवं धारा-370 और 35-ए हटने के बाद 18 एवं 25 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। 4 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जहां तक केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का सवाल है, वहां 10 साल बाद चुनाव होने जा रहा है। 2014 में चुनाव हुए थे जिनमें किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला था। नतीजतन, भाजपा और पीडीपी ने मिलकर कुछ समय तक गठबंधन सरकार बनाकर चलाई।

2019 में जम्मू-कश्मीर में लागू विशेष अनुच्छेद 370 संसदीय कार्यवाही पूरी कर खत्म कर दिए जाने पर कांग्रेस समेत कश्मीर के दो राजनैतिक-पारिवारिक दल फारुक और मुफ्ती परिवार के मुखियाओं ने घाटी में अशांति बढ़ने की आशंका जताई थी लेकिन वहां तब से शांति की बहाली तो हुई ही अर्थव्यवस्था में भी गति आई। कितना विडंबनापूर्ण है कि जिस पाकिस्तान में लोकतंत्र फौज की कठपुतली बना रह कर भुखमरी के कगार पर खड़ा है, वह भारत से आतंकवाद के बहाने छायायुद्ध लड़ने से बाज नहीं आ रहा है। आशंका है कि चुनाव की घोषणा के बाद आतंकी घटनाओं की संख्या बढ़ती दिखे? लेकिन यही समय होगा जब कश्मीर की जनता न केवल पाकिस्तान को जवाब देगी, बल्कि कश्मीर में अलगाव और परिवारवाद का खेल खेलते रहे मुखौटाधारियों को भी सबक सिखाएगी। 25 जुलाई, 2024 की स्थिति में जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाता 87.09 लाख हैं, जो तीन चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान कर नई सरकार चुनेंगे। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश घोषित करने के साथ राज्य दो हिस्सों-जम्मू-कश्मीर और लद्दाख-में विभाजित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा का दर्जा दिया गया है, जबकि लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है। यहां दिल्ली एवं चंडीगढ़ की तरह राज्यपाल सत्ता शक्ति के प्रमुख केंद्र बनाए गए। जम्मू-कश्मीर के बंटवारे और विधानसभा सीटों के विभाजन संबंधी पुनर्गठन विधेयक-2019 के लागू होने के बाद इस राज्य की भूमि का ही नहीं, राजनीति का भी भूगोल बदल गया है। नये सिरे से किए गए परिसीमन के बाद यहां सात विधानसभा सीटों की बढ़ोतरी हुई है।

राज्य में अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों को सुरक्षित करने का भी अहम निर्णय लिया यानी सही मायनों में परिसीमन के नये परिणामों से भौगोलिक, सांप्रदायिक और जातिगत असमानताएं तो दूर हुई ही हैं, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए सीटें भी आरक्षित कर दी गई हैं। अब जम्मू-कश्मीर में कुल 114 सीटें हैं, जिनमें से 90 सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें 43 सीटें जम्मू और 47 सीटें कश्मीर में हैं। 24 सीटें गुलाम जम्मू-कश्मीर के लिए सुरक्षित हैं जिन पर चुनाव नहीं होना है। सोलह सीटें अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें से सात अनुसूचित जाति एवं नौ अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित हैं। विधानसभा के पांच सदस्य उपराज्यपाल को मनोनीत करने का अधिकार भी दिया गया है। इनमें से दो कश्मीरी प्रवासी यानी कश्मीरी पंडित होंगे। एक गुलाम कश्मीर से विस्थापित व्यक्ति को मनोनीत किया जाएगा। दो सदस्य महिलाएं मनोनीत होंगी।

कश्मीर का प्रवासी उन्हें माना जाएगा, जिन्होंने 1 नवम्बर, 1989 के बाद घाटी से पलायन किया हो और उनका नाम राहत आयुक्त के रजिस्टर में दर्ज हो। जो व्यक्ति 1947-48, 1965 और 1971 के बाद वहां से पलायन कर भारत आए हैं, उन्हें विस्थापित माना जाएगा। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार होगा कि वाल्मीकि, गोरखा समाज और पाकिस्तान से विस्थापित पहली बार मतदान करेंगे। अन्य राज्यों के ऐसे लोग भी मतदान कर सकेंगे, जिनके पास प्रदेश का अधिवास पत्र और मतदान का अधिकार है। गुज्जर-बक्करवाल और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाला जनजातीय समुदाय (अनुसूचित जनजाति) के लिए नौ सीटें आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति के लिए भी सात विधानसभा सीटें सुरक्षित हैं। इन लोगों को बीते 78 साल से घाटी के मूल निवासी होने के बावजूद न तो चुनाव लड़ने का अधिकार था



और न ही मतदान का, अब तक कश्मीर में एक भी सीट पर जातिगत आरक्षण की सुविधा नहीं थी, जबकि इस क्षेत्र में 11 प्रतिशत गुज्जर-बक्करवाल और गद्दी जनजाति समुदायों की बड़ी आबादी निवास करती है। अब ये समुदाय बढ़-चढ़कर चुनाव में भागीदारी कर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए परिवार और अलगाववाद के लिए चुनौती बनते दिखाई दे सकते हैं।

# उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेने कल गाजियाबाद आएंगे CM योगी

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर 23 अगस्त को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदी भवन में बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम बुधवार को फाइनल हो गया है, भाजपा संगठन द्वारा बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। 23 अगस्त को दोपहर तीन से शाम चार बजे तक मुख्यमंत्री बैठक करेंगे, जिसमें उपचुनाव की तैयारियों के बारे में चर्चा की जाएगी। बैठक में उत्तर



प्रदेश सरकार में मंत्री बृजेश सिंह , कपिलदेव अग्रवाल , नरेंद्र कश्यप, सुनील शर्मा के साथ सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल की प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम में उपचुनाव की तैयारियों में जुटे सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंडल प्रभारी, महानगर के प्रभारी, सभी शक्ति केंद्र के संयोजक, वार्ड के प्रवासी सहित 250 से अधिक भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। उपचुनाव में विपक्ष को शिकस्त देकर किस तरह से जीत हासिल करनी है। इसके बारे में विस्तार से बताएंगे।गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक करने 23 अगस्त को मुख्यमंत्री गाजियाबाद आएंगे, कार्यक्रम फाइनल हो गया है। बैठक को लेकर पार्टी की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। - संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष, भाजपा।

## गाजियाबाद में 14 अक्टूबर तक धारा-163 लागू

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** विभिन्न परीक्षाओं और त्योहारों के मद्देनजर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जिले में 20 अगस्त से 14 अक्टूबर तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। ऐसे में बिना सक्षम मजिस्ट्रेट की अनुमति के जिले में पांच या पांच से अधि व्यक्तियों के एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन, धरना देने पर रोक लगा दी गई है। निषेधाज्ञा लागू होने के बाद कोई भी व्यक्ति अस्त्र, शस्त्र अथवा विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेगा, न ही किसी स्थान पर एकत्रित करेगा। घर की छत पर ईंट, पत्थर रखने पर भी रोक है। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में चार से अधिक लोगों के एकजुट होने पर रोक है। परीक्षा केंद्र के एक किमी. की परिधि में फोटो कापी की मशीन और स्कैनर के संचालन पर रोक रहेगी। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरक्षी नागरिक पुलिस चयन परीक्षा वर्ष-2024 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ड्यूटी में लगाए गए परिषदीय विद्यालयों के 70 शिक्षकों के ब्रीफिंग से अनुपस्थित रहने पर इनका अगस्त माह में अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने शिक्षकों पर कार्रवाई की है। जिलाधिकारी गाजियाबाद, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एवं पुलिस निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा 23 अगस्त, 23,24,25,30 एवं 31 अगस्त को प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दिए गए निदेर्शानुसार परिषदीय विद्यालयों की शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा में जिले के कुल 402 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं प्रधानाचार्यों ने विभाग को जानकारी दी है कि 70 शिक्षक-शिक्षिकाएं 21 अगस्त को ब्रीफिंग में अनुपस्थित रहे और उन्होंने ड्यूटी करने में भी असहमति जताई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों को काल किया तो वह अभद्र तरीके से बात कर रहे हैं। शिक्षक ड्यूटी करने से सहमत नहीं हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव का कहना है कि परीक्षा को सुचारू तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। 70 शिक्षक-शिक्षिएं ब्रीफिंग से अनुपस्थित रहे हैं और इन्होंने ड्यूटी करने में भी असहमति जताई है। इन सभी 70 शिक्षकों के परीक्षा केंद्र पर अनुपस्थित पाये जाने एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन न करने के कारण इनके माह अगस्त 2024 के वेतन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### जनपद हापुड़/विवाहिता को प्रताड़ित करने पर बेटी की ससुराल पहुंचे पिता एवं भाइयों के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने की मारपीट

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव औरंगाबाद में एक विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा प्रताड़ित करने की सूचना पर पहुंचे। विवाहिता के पिता एवं भाईयों के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नाली हुसैनपुर निवासी धर्मवीर पुत्र इमरत लाल मैं थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि उसने अपनी बेटी कोमल की शादी सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी जितेंद्र शर्मा पुत्र रतन शर्मा के साथ काफी दान दहेज देकर की थी। लेकिन शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे और उसकी बेटी कोमल को आए दिन प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं। जिसके चलते 21 अगस्त की शाम को उसकी बेटी को सब्जी में कुछ मिलाकर खिलाने का प्रयास किया गया शंका होने पर उसने नहीं खाया। और अपने मायके फोन करके अपने साथ सारी घटित घटना को बताया। मामले की सूचना मिलने पर पीड़ित धर्मवीर बेटा सूरज औरंगाबाद पहुंचे। जहां उनके साथ ससुर जितेंद्र सास पुष्पा पति प्रिंस जेठ शेखर ,चचेरे देवर लब्बू,शगुन,मोंटी, जो कि उनकी बेटी कोमल को भी प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं। उनके द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। जिसमें वह घायल हो गए। जिसको लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वही इस मामले को लेकर अंडर ट्रेनिंग सीओ एवं थाना प्रभारी पीयूष का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद हापुड़/हाई कोर्ट से गौ माता के साथ दुष्कर्म के आरोपी की जमानत की नामंजूर



**हापुड़** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गायों के साथ घिनौना काम करने वाले हरिकिशन को जमानत देने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया इनकार। एच सी ने कहा वीडियो फुटेज क्लियर है। आरोपी जमानत पाने का हकदार नहीं'है। यह मामला हापुड़, यूपी में जून-2023 का है। आरोपी के विरुद्ध इस मामले को लेकर हापुड़ नगर थाने में दर्ज है।आरोपी हरिकिशन को इस अप्राकृतिक कृत्य में जून 2023 में आईपीसी की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया गया था आरोप है कि उसे गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते देखा गया था। याची ने हाईकोर्ट के समक्ष दूसरी जमानत याचिका दायर की। जिसमें उनके वकील ने तर्क दिया कि वह निर्दोष हैं। और उन्हें इस अपराध में झूठा फंसाया गया है।

### जनपद हापुड़/सादुल्लापुर गांव में एल एमसी की जमीन पर कब्जा हटाने को लेकर चला बाबा का बुलडोजर



**गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सादुल्लापुर में सामुदायिक शौचालय के पास ग्रामीणों के द्वारा एलएमसी की जमीन पर किए गए कब्जे को कब्जा मुक्त करने को लेकर पुलिस बल की मौजूदगी में चले बाबा के बुल्डोजर से गांव में मचा हड़कंप।

### जनपद हापुड़/रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी नानपुर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन




संस्कार उजाला अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के नानपुर में स्थित 22 अगस्त को नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या महोदया डॉ. पूनम नागर, संस्थान के चीफ प्रॉक्टर डॉ.शेंकी त्यागी एकेडमिक को ऑर्डिनेटर रुचि शर्मा एवं अन्य शिक्षको द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. पूनम नागर ने रूद्रा परिवार में सम्मलित हुए छात्र / छात्राओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग बालक ही होते है। वर्तमान में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु बालक ही है। प्राचार्या महोदया ने छात्र छात्राओं को रूद्रा ग्रुप की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को दी। और उनके स्वस्थ, सम्रद्ध एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या महोदया ने कीर्तिमान स्थापित करने वाले पुराने वर्ष के छात्र/छात्राओं का उदाहरण देते हुए यह भरोसा जताया कि हमारे नवागतुंक छात्र / छात्राऐं भी हमारे कॉलिज का परचम राष्ट्र स्तर पर फहरायेगें। कॉलिज के चीफ प्रॉक्टर शेंकी त्यागी ने बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए। बताया कि रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में लगभग 1000 पुरातन छात्र / छात्राऐं विभिन्न विभागों में कार्यरत है। चीफ प्रॉक्टर महोदय ने भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। तथा छात्रों को अनुशासित रहने और अपनी सोच को सकारात्मक बनाने का मंत्र दिया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने वर्ष 2024 में इंटरमीडिएट में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। मंच का कुशल संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक अध्यापिका अपेक्षा त्यागी ने किया। इस अवसर पर विकास मोहन, कुमार राणा, अक्षय कुमार, मुकेश कुमार, रोहित कुमार, अनुराग शुक्ला, प्रदीप नागर, किरण सिद्धू,कविता रानी, कुलविंदर कौर, सोनिका चौधरी, हयात,हिना,अरहम खानम,आकांक्षा कंसल,दीशु मोरल पारुल,ज्योति, करिश्मा,एवं अन्य सभी शिक्षक / शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।

### जनपद हापुड़/ सिंभावली पुलिस ने स्कूल की छुट्टी के समय शरारती तत्वों की धरपकड़ के मद्देनजर पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

संस्कार उजाला



**भूपेंद्र वर्मा गढ़मुक्तेश्वर/** सिंभावली क्षेत्र में स्थित स्कूलों की छुट्टी के समय शरारती तत्वों की धरपकड़ के मद्देनजर पुलिस के द्वारा चलाए गए सघन चैकिंग अभियान के दौरान कई बाइक सवारों के काटे चालान। थाना प्रभारी/प्रशिक्षु सीओ पीयूष का कहना हैं कि सिंभावली क्षेत्र में स्थित स्कूलों की छुट्टी होने पर मुख्य रास्तों पर काफी भीड़ भाड़ हो जाती है। इस दौरान ही असामाजिक और शरारती तत्वों द्ववारा अपिर्य घटना हो जाती है। इन सभो को देखते हुए स्कूल की छुट्टी के दौरान पुलिस सघन चैकिंग अभियान चलाया गया है। और आगे भी यह अभियान जारी रखा जाएगा। चैकिंग पुलिस टीम एसआई महंतराज और अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा वाहन चेकिंग किया गया है।

# काका बेगपुर में बड़ी नहर के पुल की मांग,पुल बनने से पढ़ सकेंगे किसानों के बच्चे

संस्कार उजाला

**जनपद अलीगढ़** अतरौली तहसील के गंगीरी ब्लॉक में ग्राम पंचायत अजवाइन ढेर व ग्राम पंचायत काका वेगपुर के आधे गांव नहर के इधर हैं एवं आधे उधर हैं,दोनों निचली गंगा नहर में एक नहर का पुल है जबकि दूसरी बड़ी हजारा नहर का पुल नहीं बना हुआ है समाजसेवी सत्यवीर यादव ने बताया एक नहर का पुल न होने से किसानों के बच्चे शिक्षा से नहीं जुड़े आजादी से अब तक कोई नहीं बन सका अधिकारी कर्मचारी।और ना ही किसी नेता सांसद, विधायक ने वोट लेने के बाद आज तक मुड़कर नहीं देखा जिससे गरीब किसानों के



बच्चे शिक्षा से वंचित हैं और लगभग पन्द्रह से बीस किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है यदि पुल बनता है तो किसान अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ सकेंगे किसान भाइयों को खाद बीज की कृषि से संबंधित मनमानी कीमत ना चुकानी पड़ेगी यह सोचते हुए सत्यवीर यादव व अध्यापक लाल सिंह शाक्य ने कहा हम किसानों की मुहिम को लेकर आवाज बनेंगे शिक्षा से भटकते छात्र एवं छात्राओं किसानों की आवाज बनेंगे पुल निर्माण की माँग सरकार के सेतु निगम विभाग के सामने रखेंगे। काका बेगपुर का पुल बनते ही दूरी सिर्फ पांच सौ मीटर रह जाएगी किसान कामगार मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल क्रांतिकारी ने बताया काका बेगपुर मैं खादर क्षेत्र है और शिक्षा का बहुत ही अभाव है यहां के लोग बहुत ही भोले भाले हैं क्षेत्रीय जनता नेताओं पर विश्वास कर लेती है और वोट देते हैं लेकिन क्षेत्रीय जनता को गुमराह करके छला जा रहा है उनके साथ धोखा किया जाता है समय रहते हुए किसानों की सुविधा के लिए पुल बनाया जाए जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को आसानी रहेगी

### माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में दो नफर वारन्टी गिरफ्तार

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर नानपारा




**बहराइच** पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बहराइच डॉ० पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री रामसुधार यादव
2. आरक्षी संजीव यादव
3. आरक्षी अमित सिंह द्वारा वारण्ट मु0नं0 377/17 बनाम नबी अहमद उर्फ चिनगी आदि धारा 498ए, 494,323,506 भादवि० व 3/4 डीपी एक्ट थाना कोतवाली नानपारा अ0सं0 1291/15 न्यायालय सीजेएम बहराइच से सम्बन्धित अभियुक्त नबी अहमद उर्फ चिनगी पुत्र छोटकन्ना निवासी कसाईटोला थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच को आज दिनांक 22.08.2024 को समय 07.50 बजे व माननीय ग्राम न्यायालय नानपारा बहराइच द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र व वसूली वारण्ट मु0नं0 316/11/2021 अफसाना राज्य प्रति शादाब अहमद धारा 128 सीआरपीसी थाना को0 नानपारा बहराइच से सम्बन्धित वारण्टी शादाब अहमद पुत्र हाशिम उर्फ कल्लन निवासी कसाई टोला कस्बा व थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच आज दिनांक 22.08.2024 को समय 08.15 बजे गिरफ्तार कर बाद विधिक कार्यवाही सम्बन्धित माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## जनपद हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में 21 अगस्त को मिले लावारिस युवक के शव की सनी उर्फ छुटका के रूप में हुई पहचान

संस्कार उजाला भूपेंद्र वर्मा

बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय स्कूल के पास 21 अगस्त को गड्ढे में पड़ी मिली युवक की लाश की सनी उर्फ छुटका के रूप में हुई पहचान 15 अगस्त को तीर्थ नगरी ब्रजघाट में कपड़े लेने के लिए गया था। बता दें कि हापुड़ शहर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले सिकंदर गेट निवासी सनी उर्फ छुटका 15 अगस्त को ब्रजघाट में कपड़े लेने के लिए गया था। जो लौट कर वापस घर नहीं आया। 21



अगस्त को एक युवक का सब बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय विद्यालय के पास में एक गड्ढे में पड़ा मिला जिसको बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा था। थाना प्रभारी के अथक प्रयास के बाद मृतक युवक के शव की पहचान हापुड़ सिकंदर गेट निवासी सनी उर्फ छुटका के रूप में हुई है। पिता के मौत की खबर मिलने पर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि मृतक युवक के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के आधार पर ही कार्यवाही की जाएगी।

# ज्ञानवापी वुजूखाना सर्वेक्षण मामले में आपत्ति, अगली सुनवाई 9 सितंबर को।

संस्कार उजाला

प्रयागराज। वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर स्थित कथित वुजूखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने की मांग में दाखिल पुनरीक्षण याचिका की अगली सुनवाई इलाहाबाद हाई कोर्ट में अब नौ सितंबर को होगी। गुरुवार को विपक्षी (अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी) की तरफ से आपत्ति दाखिल की गई। याची राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने इसका जवाब (रि-ज्वाइंडर) दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने इसके लिए दो सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई टाल दी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ इस प्रकरण की सुनवाई कर रही है। श्रृंगार गौरी केस की मुख्य वादी राखी सिंह ने वाराणसी जिला अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के कारण हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए अर्जी खारिज कर दी गई थी। याची का कहना है कि जिस तरह ज्ञानवापी के पूरे परिसर का एएसआई सर्वे किया गया है, उसी तरह से सील वुजूखाने (शिवलिंग को छोड़ कर) का भी सर्वे किया जाना चाहिए। इससे ही कथित वुजूखाने के वास्तविक चरित्र का पता चलेगा। दो साल पहले कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग की आकृति मिलने के बाद पूरे वुजूखाने को सील कर दिया गया था। याची का कहना है कि शिवलिंग को छोड़कर पूरे वुजूखाने का बिना कोई नुकसान पहुंचाए सर्वे कराया जाए।




अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने अपनी आपत्ति (काउंटर) में कहा है कि वक्फ एक्ट 1995 की धारा 90(3) के अनुसार मूल वाद और वर्तमान पुनरीक्षण याचिका पोषणीय नहीं है। संपत्ति सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधीन है और वक्फ के रूप में दर्ज है, लेकिन जानबूझकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को प्रतिवादी/पक्षकार नहीं बनाया गया है। दीन मोहम्मद केस में भी इस भू-भाग को वक्फ की भूमि माना गया है। प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत 15 अगस्त, 1947 को स्थल का जो धार्मिक चरित्र है, उसको बदला नहीं जा सकता और नए वाद की अनुमति नहीं दी जा सकती। अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि हम मस्जिद पक्ष के जवाब का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपना जवाब दाखिल करेंगे।

### होम्योपैथ चिकित्सालयों के अपग्रेडेशन कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जतायी नाराजगी



संस्कार उजाला डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच** आयुष विभाग की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मतरेपुर, विश्वनाथ गांव व धमार्पुर में होम्योपैथ चिकित्सालय के उच्चीकरण कार्य की धीमी प्रगति तथा कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के किसी प्रतिनिधि के बैठक में उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यथास्थिति से प्रबन्ध निदेशक को पत्र भिजवाये जाने का निर्देश दिया। जिले के आयुर्वेद चिकित्सालयों में चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती व उपस्थिति, औधधि की उपलब्धता, हर्बल गार्डेन की स्थापना इत्यादि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ समय से चिकित्सालय में उपस्थित रहकर आने वाले मरीजों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं। डीएम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से आयुष चिकित्सालयों का आकस्मिक निरीक्षण कराया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला आर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा, जिला होम्योपैथ अधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## जनपद हापुड़/मोमोज में हड्डी निकलने पर ग्रामीणों ने थाने पर किया हंगामा

संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर/** गढ़मुकतेशवर कोतवाली के गांव सादुल्लापुर का रहने वाले विनीत ने ग्रामीणों के साथ मोमोज में हड्डी निकालने के मामले को लेकर थाने पहुंच कर शिकायती पत्र दिया है ।आरोप है कि शाम के समय दूसरे गांव की एक दुकान पर मोमोज खाने के लिए गए थे ।मोमोज खाते समय उसमें



हड्डी निकली ।युवक ने मामले की 112 नंबर पर पुलिस और ग्रामीण को सूचना दे दी ।युवक का कहना है कि इस तरह के कृत्य से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है ।थाने पहुंचे लोगों ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।दूसरा पक्ष लगाए गए आरोप को निराधार बता रहा है। थाना प्रभारी/प्रशिक्षु सीओ पीयूष ने बताया कि आरोपित दुकानदार को हिरासत में ले लिया गया है ।ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है ।जांच के बाद मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# संवाद समन्वय जनसुनवाई पर सभी अधिकारीकरण दे विशेष ध्यान सीएम ने किया रूद्राक्ष का पौधा रोपित









➢प्रदेश का पहला जनपद होने के नाते सहारनपुर के अधिकारियों की कार्यपद्धति बने पहचान

➢प्राइवेट व्यक्ति तहसील और थानों में न करे कार्य

➢माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध की जाए दण्डात्मक कार्यवाही

➢विकास प्राधिकरण में नक्शा स्वीकृत हेतु न किया जाए परेशान

➢अधिकारी जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का उठाएं लाभ

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर**, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसी के साथ उन्होने सर्किट हाउस परिसर में रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को काष्ठ से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जन शिकायतों, आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। पीडित की संतुष्टि ही निस्तारण का बेहतर आधार माना जाता है। जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए। जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण जनता के साथ संवाद, समन्वय बनाये तथा जनसुनवाई करके समस्याओं का समाधान कराये। उन्होने उद्योगबंधुओं तथा व्यापारियों के साथ बैठकों में जनपद के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए।श्री योगी आदित्यनाथ जी ने लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना बनाने में जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का लाभ उठाते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने तथा समस्याओं का समाधान करवाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रदेश का पहला जनपद होने के नाते यहां की कार्यपद्धति ही पहचान बने। ओडीओपी योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार हो इसके लिए समय-समय पर प्रदर्शनियां लगवाई जाएं। एनआरएलएम के नवाचार की प्रशंसा करते हुए उन्होने कहा कि इस कार्य में महिला जनप्रतिनिधियों को भी जोडा जाए। ग्राम सचिवालय को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। महिलाओं एवं बच्चों से जुडे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के 649 ग्रामों में हुई पेयजल आपूर्ति को जनप्रतिनिधियों को दिखाना सुनिश्चित करें तथा प्रशासन भी इसका निरीक्षण करे। सडकों की पुनर्स्थापना संबंधी कार्यों में देरी न करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। शिलापट्ट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नामों का उल्लेख किया जाए। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अवैध खनन को रोकने के लिए टास्कफोर्स बनाई जाए। सभी तहसीलों एवं थानों में निरंतर समीक्षा की जाए तथा आमजन की समस्याओं को शीघ्रता से निस्तारित करने में किसी प्रकार का अनावश्यक विलम्ब न किया जाए। कोई भी प्राइवेट व्यक्ति तहसील और थानों में कार्य न करे। सरकारी भूमि पर कहीं पर भी अवैध कब्जा न रहे। इस पर सतर्क दृष्टि रखी जाए भूमाफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। अधिग्रहित भूमि के सापेक्ष मुवाअजा शीघ्र दिलाया जाए। सार्वजनिक स्थानों, टोल व सड़कों पर सौहार्द खराब करने वाले संगठनों पर सतर्क नजर रखी जाए और माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने नशे का अवैध धंधा करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। इसका शिकार बच्चे होते है यह एक पूरी रैकेट की तरीके से काम करता है। मण्डल के तीनों जनपदों में सामूहिक कार्यवाही की जाए। इससे जागरूकता के लिए स्कूल एवं कॉलेजों को जोडा जाए। उन्होने कहा कि यह एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह है।उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण को निर्देश दिये गये कि 100 वर्ग गज तक के भू-मालिकों को नक्शा स्वीकृत कराने के लिए परेशान न किया जाए। साथ ही नक्शा स्वीकृति के आवेदन ऑनलाईन कराये जाने के निर्देश दिये गये। बजाज शुगर मिल के भुगतान को यथाशीघ्र करवाने के निर्देश दिए। जनपद में बस स्टैण्ड यथाशीघ्र बनाया जाए तथा आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत शासन स्तर पर बैठक करने को कहा। जनप्रतिनिधियों के साथ विकास संबंधी परियोजनाओं में संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों का लाभ लिया जाए। स्मार्ट सिटी के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। आईसीसीसी का यातायात में बेहतर उपयोग करने के लिए कहा। उन्होने फोरेस्ट सिटी डवलप करने के लिए वन विभाग के साथ नगर आयुक्त को बैठक करने के निर्देश दिए। नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रमों को बढाये जाने हेतु नगरायुक्त को महापौर व पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिये गये। निगम क्षेत्र में वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। निगम क्षेत्र में अवारा पशु घूमते हुए न पाये जाए इनका संरक्षण कराया जाए। आयुक्त स्मार्ट सिटि की कार्यों का स्वयं समय-समय पर निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। जनपद में अधिक प्लाईवुड उद्योगों को स्थापित करने के लिए माहौल बनाया जाए। इसके लिए आरा मशीन लाईसेंस लेने हेतु आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोई भी परिषदीय विद्यालय शिक्षकविहीन न रहे। शिक्षकों का समायोजन समय से किया जाए। निरंतर विकासखण्डवार शिक्षकों और अभिभावकों की अवकाश के दिन बैठक करवाने के निर्देश दिए। प्रत्येक तीन माह में लोन मेला एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि में लोगों का चयन टीम बनाकर किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गोशालाओं में कोई भी तस्करी न हो और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। इसके लिए जिलाधिकारी गोशालाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय तथा सभी सीएचसी और पीएचसी पर बेहतर व्यवस्थाएं हों। चिकित्सक समय से ओपीडी में बैठें। मुख्य चिकित्साधिकारी अधीक्षक के साथ समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। चिकित्सालयों में सभी उपकरणों को क्रियाशील रखना सुनिश्चित किया जाए। संस्थान प्रबंधक सतर्कता व सावधानी बरते तथा आवश्यकता पर पुलिस को सूचित करें। जिला अस्पताल में खराब पड़ी सी0टी0 स्कैन मशीन को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए।अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि समेकित शाकुम्भरी पर्यटन विकास से सम्बन्धित 11 परियोजनाओं को पूर्ण करने में पेड़ों की कटाई से बचते हुए नदी क्षेत्र में सेतु निर्माण पर बल दिया जाए। शाकुम्भरी क्षेत्र में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न होने पाए। उन्होने सभी अधिकारियों से अपने क्षेत्रों में नवाचार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि तकनीक का बेहतर प्रयोग किया जाए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने जनपद में एनआरएलएम, शिक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, टेक होम राशन, हर-घर तिरंगा, ग्राम पंचायत सचिवालय, सामुदायिक शौचालय, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ऑपरेशन कायाकल्प, पेंशन योजना, पशु टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग, निराश्रित गोवंश संरक्षण, सहभागिता योजना, गोचर भूमि में हरा चारा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भवः अभियान, आंगनवाडी केन्द्रों का नवनिर्माण, वृक्षारोपण अभियान, जल जीवन मिशन, लघु उद्योग, बाढ से राहत एवं बचाव की तैयारियां, विभिन्न आपदाओं में क्षति का विवरण, निर्माण कार्यों की प्रगति, माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज बेहट, सरसावा ऐयरपोर्ट सिविल टर्मिनल, खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रयोगशाला, सामान्य सुविधा केन्द्र, तहसील रामपुर मनिहारान के अनावासीय भवन का निर्माण, स्मार्ट सिटी, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम के विकास कार्य, हेबीटेट सेन्टर, कन्वेंशन हॉल, राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 60 बेडेड नर्सिंग कॉलेज का निर्माण एवं राजस्व कार्यों की जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवान ने जनपद में कानून एवं व्यवस्था संबंधी पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने माननीय मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि आपके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।इससे पूर्व उन्होने पुलिस लाईन सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग श्री ब्रजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास श्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ0 अजय सिंह, विधायक नगर श्री राजीव गुम्बर, विधायक गंगोह श्री किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान श्री देवेन्द्र निम, विधायक नकुड़ श्री मुकेश चौधरी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अजय कुमार साहनी, कुलपति माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय प्रो0 एच0एस0सिंह, जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवान, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0 महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित

## संक्षिप्त डायरी

### विद्यालय के सामने सरकारी जमीन को अवैध तरीके से कब्जा, हो सकती है बडी वारदात।



संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**पन्नुगंज/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ कस्बा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज, राजकीय बालिका कालेज, छात्राओं का हास्टल, प्राथमिक विद्यालय, बियारसी कार्यालय के सामने रोड के पटरियों पर लोगों के द्वारा अवैध तरीके से सरकारी जमीन को कब्जा करके अतिक्रमण किया गया है जिससे मार्केट में आए दिन जाम लगा रहता है विद्यालय के छुट्टी के समय सभी विद्यालय के बच्चों को जाम में फंसना पड़ता है अवैध तरीके से कब्जा किए हुए व्यक्तियों के द्वारा रोड के पटरी पर दुकान लगाया जाता है जिससे आने-जाने वाले बच्चें बच्चियों,एम्बुलेंश को काफी जाम के झांम में फंसना पड़ता है अवैध तरीके से कब्जे किए हुए व्यक्तियों के द्वारा दुकान का कूड़ा कचरा दुकान से निकलने वाले अवशेष गंदगी विद्यालय के सामने फेंका जा रहा है कचडा से निकलने वाले बदबू से विद्यालय में बच्चों को पढ़ना व अध्यापक को पडाना मुश्किल हो गया है इन लोगों के द्वारा कई वर्षों से मनमानी तरीके से सरकारी जमीन को कब्जा करके अपनी धौंस जमाते हुए सरकारी जमीन को कब्वा कर लिया गया है सरकारी जमीन कब्जा करने के लिये आये दिन कब्जा धारीयों के बीच आपस में कब्जा करने को लेकर बिबाद होता रहता है जिला प्रशासन समय रहते सरकारी जमीन के अतिक्रमण को कब्जा धारीयों से मुक्त नहीं कराया तो कभी भी जमीन को कब्जा करने के विवाद को लेकर बड़ी घटना घट सकती है।

### जिला बैंड प्रतियोगिता में ओबरा बना विजेता।



संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**ओबरा/सोनभद्र।** गुरुवार को पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज में जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज ओबरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पंचायत ओबरा की पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती देवी ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली बच्चों में देशभक्ति और एकता की भावना को जागृत करना और उन्हें समग्र शिक्षा की ओर प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में चार श्रेणियों पाइप बैंड (लड़कियां), पाइप बैंड (लड़के), ब्रास बैंड (लड़कियां) और ब्रास बैंड (लड़के) शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने बेहतरीन सांस्कृतिक कौशल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में आयुषी सिन्हा,आकृति कुमारी,राधिका, विद्या साहनी, अनीता वर्मा, रिया गुप्ता,शिवानी, तरन्नुम, हाजरा,रोशनी,रोशनी कुमारी आदि शामिल थी। मुख्य अतिथि दुर्गावती देवी ने कहा कि राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता के तहत होने वाली इस जिलास्तरीय प्रतियोगिता का बड़ा महत्व है। इससे चयनित बच्चों को देश की राजधानी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी प्रतिभाग करने का मौका मिलता है। पूर्व राष्ट्रीय एथलीट रमेश सिंह यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों में अनुशासन और समर्पण की भावना को बढ़ावा देती है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और देश के प्रति गर्व का अनुभव भी कराती है। कालेज की प्रधानाचार्य डॉ भावना शुक्ला ने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे सभी स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक सोनी सिंह ने किया। इस दौरान शिक्षक रोली त्रिपाठी, छात्र नेता अखिलेश यादव, कालेज स्टाफ विष्णुदेव पाण्डेय एवं श्याम बिहारी आदि सहित तमाम शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा थाना घोरावल पर किया गया अर्दली रूम, सम्बन्धित विवेचकों को विवेचना का त्वरित निस्तारण हेतु दिये गये निर्देश।



संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**घोरावल/सोनभद्र।** क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय द्वारा थाना घोरावल पर सर्किल घोरावल के सभी थानों का अर्दली रूम किया गया । अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के

## जिला स्तरीय उद्योग बन्धु/व्यापारी बन्धु की बैठक हुई सम्पन्न।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योग बन्धुओं से जुड़े मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये, व्यापारियों/उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाये, ताकि अधिक से अधिक रोजगार सृजित हों और उद्यमी भी सकारात्मक माहौल में अपने उद्योग को संचालित कर सकें। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों व व्यापारी बन्धुओं से उद्योग व व्यापार के मामले में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में सीधा संवाद कर जानकारी ली, व्यापारी बन्धुओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने व बाट माप विभाग द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में



जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने में व्यापारी बन्धुओं को किसी प्रकार की समस्या न आने पायें, यदि किसी के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाये, इस दौरान उन्होंने बाट माप के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाट माप के जॉच हेतु जो भी लाईसेंसधारी कार्यालय में रजिस्टर्ड हो, उनका नाम कार्यालय के बोर्ड पर पेन्ट करके लिखवाया जाये और बाट माप के जॉच के दौरान लगने वाले शुल्क को भी अंकित किया जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये। बैठक में उन्होंने निवेश मित्र सिन्गल विंडो, श्रम विभाग से सम्बन्धित प्रकरण, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रकरण, प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी प्रकरण, फायर सर्विसेज, विद्युत भार सम्बन्धी नये प्रकरण, रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एण्ड चिट्स से सम्बन्धित प्रकरण, भार एवं माप, विद्युत सुरक्षा, खाद सुरक्षा एवं दवा प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, उद्योग आधार मेमोरेण्डम, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि की समीक्षा की और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयें। बैठक में जिला कृषि अधिकारी हरे कृष्ण मिश्र, उपायुक्त रोजगार प्रोत्साहन राजधारी प्रसाद गौतम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, व्यापारिकगण, उद्योग बन्धुगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## कोलकाता रेप केस व अन्य पीड़िताओं को दी श्रद्धांजलि किया कैंडल मार्च। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) द्वारा दिया गया ज्ञापन।

संस्कार उजाला

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन तोमर द्वारा घास मंडी मोहल्ला मनिहारान में बढ़ते हुए अपराधों को रोकने के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुजीबुर्रहमान तहसील अध्यक्ष तहसील रामपुर मनिहारान उपस्थित रहे। उन्होंने माननीय महामहिम राष्ट्रपति नई दिल्ली। व माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को बढ़ते अपराधों को रोकने को लेकर ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महिलाओं के साथ यौन शौषण व बलात्कार घटनाओं जैसे कि कोलकाता में ट्रैनी डाक्टर की बलात्कार के बाद निर्मम हत्या व आई एस बी टी देहरादून में बस ड्राइवरों द्वारा किया गया बलात्कार तथा उत्तराखण्ड में नर्स के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या और राजस्थान के जोधपुर में एक छोटी बच्ची के साथ बलात्कार व उसकी हत्या जैसी घटनाओं से पूरा देश शर्मसार हो रहा है। सरकार के बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ के नारे खोखले साबित हो रहे हैं। आए दिन बलात्कार जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने की जरूरत है। भारतीय किसान यूनियन तोमर सरकार से मांग करती है कि। बलात्कार के दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। बलात्कार के कैस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाएं। पीड़ितों के परिवार को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जाए व पीड़ित परिवार की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखा जाये। और इसके पश्चात




एक भारी भीड़ के साथ मिलकर नगर में कैंडल मार्च निकालकर स्त्रियों व पुरुषों हिंदू मुस्लिम सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। व थानाध्यक्ष महोदय रामपुर मनिहारान को ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष श्री मुजीबुर्रहमान, नेतृत्व करता रहमान इदरीसी सभासद नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, नगर अध्यक्ष मुस्तकीम ए आई एम आई एम, नगर उपाध्यक्ष अख्तरुल ईमान ए आई एम आई एम, मीडिया प्रभारी बासित अंसारी,नफीस सैफी सभासद नगर पंचायत रामपुर मनिहारान. इंतजार, मेहताब सिद्दीकी. दिगर उलेमा व बड़ी तादाद में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

## ओबरा तापीय परियोजना में आए नए मुख्य महा प्रबंधक का हुआ भव्य स्वागत।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ शाखा ओबरा के द्वारा दिनांक 22.8.2024 को ओबरा तापीय परियोजना में नये आए मुख्य महा प्रबंधक को गुलदस्ता स्प्रेम भेंट कर बधाई दिया गया और परियोजना परिसर में समस्याओं को भी अवगत कराया गया जैसे कॉलोनी में की पानी का साफ ना आना, बिजली की कटौती, साफ सफाई, परियोजना में कार्मिकों को हो रहे और सुविधा की कमी और प्लांट की स्थितियों को भी अवगत कराया गया ताकि निगम हित में प्रदेश को सस्ती बिजली और मजदूरों को न्याय मिल सके साथ में गए साथी अध्यक्ष अजीत साहू, क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप कनौजिया , उपाध्यक्ष दुर्गा मिश्रा, पशुपतिनाथ



विश्वकर्मा, कु कीर्ति, अनुराधा संघटन की ओर से उपस्थित रही।

## बलात्कारियों को फांसी नहीं हुई तो देश में होगा बड़ा आंदोलन

संस्कार उजाला

कोलकाता में डॉक्टर मौमिता देवनाथ और उत्तराखंड के तसलीम जहां दोनों बेटियों के साथ रेप और उसके बाद हत्या से जैसा सनसनी मामला हुआ इसके बाद राष्ट्रीय जनसेवा मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफर सिद्दीकी अपनी टीम के साथ नोएडा सेक्टर 63 के मदीना मस्जिद के पास से हाथ में मोमबत्ती पुस्ता रोड से होते हुए पैसल हॉस्पिटल पर कैंडल मार्च का समापन हुआ जिसमें मौजूद कई अस्पताल के डॉक्टर महिला नर्स सभी मौजूद रही जफर सिद्दीकी ने कहा की ऐसे बलात्कारी की एक ही सजा फांसी का फंदा होना चाहिए और बेटियों को इंसाफ मिलना चाहिए नहीं तो देश के अंदर बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है पैसल हॉस्पिटल के डॉक्टर आने से डर रही है डर का खौफ और माहौल बना हुआ है नर्स स्टाफ पूनम ने कहा कि हमारी बहनों का इंसाफ चाहिए और सैकड़ो की तादाद में कैंडल मार्च में उपस्थित रहे सभी की एक ही मांग थी देश की बेटियां कब सुरक्षित होगी दोषियों के खिलाफ कडी सजा होनी चाहिए कैंडल मार्च में




अली, फुरकान, जहूर, सद्दाम, नदीमभाई, अरमान अली, सलमान, डॉक्टर गुफरान, डॉक्टर

## संक्षिप्त डायरी

### थाना फतेहपुर पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार




संस्कार उजाला

**सहारनपुर छुटमलपुर**

सहारनपुर एसएसपी,एसपी सिटी, एसपी देहात के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही हैं आज थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक यमुना प्रसाद पीसी रमेश राणा होमगार्ड बिट्टू सिंह ने शांति भंग के अंदेशे में तीन युवकों शाहनवाज पुत्र आमिर अहमद निवासी हरिजन कॉलोनी गली नंबर6 छुटमलपुर सुहेल पुत्र शाहनवाज निवासी हरिजन कॉलोनी गली नंबर6 छुटमलपुर मुकीम पुत्र इस्तेकार निवासी हरिजन कॉलोनी गली नंबर6 छुटमलपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा तीनों युवकों को उपजिलाधिकारी के समक्ष पेश किया जाएगा।

### कौवे (पक्षी) की जान बचाने दौड़ी, नगर पंचायत की स्काई लिफ्ट किया रेस्कयू।



संस्कार उजाला

**सहारनपुर/छुटमलपुर** नगर पंचायत के विद्युत कर्मचारी चांद मियां ने अपने साथी जाकिर लाईनमैन के साथ स्काई लिफ्ट के सहारे एक कौवे का रेस्क्यू किया। ये पक्षी चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बिजली की वायर में बुरी तरह फंस गया था। नगर पंचायत में कमलापुर रोड पर एक विद्युत पोल से जुड़ी वायर में एक कौवा चाइनीज मांझे की चपेट में आकर फंस गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कौवा पिछले कई घंटे से चाइनीज मांझे में फंसा हुआ था और निकलने के लिए संघर्ष कर रहा था। स्थानीय वार्ड नंबर 11 से सभासद प्रतिनिधि सुमित कंबोज को जैसे ही इस बात की सूचना मिली उन्होंने बिना देर किए,इसकी सूचना नगर पंचायत के विद्युत विभाग कर्मचारी चांद मियां को दी। चांद मियां अपने साथी जाकिर लाईनमैन के साथ स्काई लिफ्ट लेकर मौके पर पहुंचे और उसे रेस्क्यू किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर कौवे की जान बचाई। फिलहाल पक्षी ठीक है,चांद मियां और जाकिर उसकी देखरेख कर रहे है। बता दें कि चाइनीज मांझे की चपेट में आने से अबतक कई गंभीर घटनाएं हो चुकी है। इनमें पक्षी ही नहीं इंसान भी शामिल है। चाइनीज मांझा सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार ने बैन कर रखा है, लेकिन इसके बावजूद इस मांझे की बिक्री होती है,आज एक और जिंदगी इसकी चपेट में आ चुकी थी। जिसे नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंचकर बचा लिया।

### विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व की तैयारी हेतु मटकी सजाओ इनाम पाओ प्रतियोगिता कराई गई



संस्कार उजाला

**सहारनपुर छुटमलपुर** प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर 2 ब्लॉक मुजफ्फराबाद जिला सहारनपुर में जन्माष्टमी पर्व की तैयारी हेतु मटकी सजाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे सभी बच्चों ने बहुत सुंदर-सुंदर मटकी व बांसुरी को सजाया। शिक्षिका अंजलि आर्य ने बच्चों को पुराने अखबारों से बांसुरी बनाना सिखाया और फिर सभी बच्चों ने बांसुरी को सजाया।शिक्षिका द्वारा बताया गया कि सभी बच्चे उत्साह पूर्वक प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर्व की बढ़-चढ़कर तैयारी करते हैं ओर जन्माष्टमी पर विद्यालय में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसीलिए बच्चों ने बहुत सुंदर-सुंदर मटकिया तैयार की। विद्यालय पधारे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री वीरेंद्र शर्मा जी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना अति उत्तम है इससे बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है उन्होंने सभी बच्चों की बहुत सराहना की और कहा कि इतनी सुंदर मटकीयो में प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार का चयन करना वाकई बहुत कठिन है लेकिन प्रतियोगिता है तो रिजा को प्रथम, अर्शी को द्वितीय और मुसब्बीह को तृत्य स्थान पर चयनित कर पुरुस्कार दिया गया। और सभी को जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### कस्बा अंबेहटा में होगा तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 27 अगस्त को।



संस्कार उजाला

**सहारनपुर।** के कस्बा अंबेहटा में श्री श्याम सेवा समिति की ओर से नगर के पावन स्थल प्राचीन श्री राऊ वाला सिद्धपीठ महादेव शिव मंदिर अबेहटा में 27 अगस्त दिन मंगलवार को तृतीय भव्य श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम सेवा समिति के सदस्य राकेश कुमार कश्यप व आनंद रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियां जोरों पर की जा रही है। महोत्सव में ड्रोन से पुष्प वर्षा,इत्र वर्षा, छप्पन भोग,भव्य दरबार, श्याम रसोई, आदि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे। उन्होनें सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में समय से पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की

### नगर में फैमिली हेल्थ केयर का हुआ शुभारंभ राजनीति एवम् समाजसेवी लोग हुए शामिल।



संस्कार उजाला

**अंबेहटा (सहारनपुर)** नगर के मोहल्ला गाडान में आज फैमिली हेल्थ केयर क्लीनिक का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन ने किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डाक्टर अब्दुल कादिर, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार भास्कर, चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह

## फार्मास्युटिकल कंपनी में विस्फोट.....मरने वाले प्रत्येक परिवार को 1-1 करोड़

विशाखापट्टनम। आंध्र प्रदेश में फार्मास्युटिकल कंपनी एसेंटिया में हुए विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। फार्मा कंपनी में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। विशाखापट्टनम के जिला कलेक्टर हरेनधीरा प्रसाद ने कहा कि विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। उन्होंने कहा, विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी और दुर्घटना के कारणों का पता लगाएगी। बता दें कि आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली अच्युतपुरम में दोपहर करीब 2:15 बजे कंपनी एसेंटिया में यह हादसा हुआ। दवा कंपनी के प्लांट में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। इससे फार्मा यूनिट में काम करने वाले करीब 60 कर्मचारी आग की चपेट में आ गए, इसमें 17 कर्मचारियों की मौत हुई और 33 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह फार्मा कंपनी लगभग 40 एकड़ में फैली हुई है। एसेंटिया एडवांस्ड साइंस प्राइवेट लिमिटेड में एक हजार से ज्यादा लोग काम करते हैं। कंपनी ने अप्रैल 2019 में 200 करोड़ रुपये के निवेश से उत्पादन शुरू किया था। यह आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन (एपीआईआईसी) के बहु-उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र (सीइजेड) में अच्युतपुरम क्लस्टर में स्थित है।

## बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले पर हाईकोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार, पूछे कई सवाल

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र पुलिस से सवाल किया है कि बदलापुर के स्कूल में दो नाबालिग छात्राओं के साथ यौन शोषण मामले में दूसरी पीड़िता का बयान क्यों दर्ज नहीं किया? न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण की खंडपीठ ने पुलिस से दोनों छात्राओं को सुरक्षा देने के लिए उठाए कदमों के बारे में जानकारी देने को कहा और यह भी कहा कि वह उपायों की जांच करेगी। खंडपीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से स्तब्ध हैं कि बदलापुर पुलिस ने दूसरी पीड़ित लड़की का बयान दर्ज नहीं किया। पीठ ने कहा कि यह बड़े मुद्दों पर स्वतः संज्ञान से ली गई जनहित याचिका है, इसलिए लड़कियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। जब तक कोई मजबूत सार्वजनिक आक्रोश न हो, मशीनरी काम नहीं करती है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल के अधिकारियों को भी फटकार लगाते हुए कहा कि उन्होंने यौन शोषण की जानकारी पुलिस को क्यों नहीं दी, जबकि उन्हें पता था कि ऐसा हो रहा है। हाईकोर्ट ने यह भी उम्मीद जताई कि न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। न्यायमूर्ति मोहिते-डेरे ने महाराष्ट्र पुलिस से जांच की कि मामले में बयानों में देरी क्यों हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इतनी देर से बयान दर्ज किया। घटना 13 अगस्त की है और एफआईआर 16 तारीख की। बयान अब दर्ज किया गया? माता-पिता के बयान पहले क्यों दर्ज नहीं किए गए? पुलिस अधिकारी का कर्तव्य प्रक्रियाओं के मुताबिक बयान दर्ज करना है। हम यह तय करने में रुचि रखते हैं कि पीड़ितों को न्याय मिले।

## अमेरिकी मंदी का असर...सात संमदर दूर सूरत में दिख रहा

नई दिल्ली। हाल ही में अमेरिका में मंदी की आशंका जाहिर की, जबकि ग्लोबल मार्केट में पहले से ही डिमांड में कमी देखी जा रही है। इसका सीधा असर भारत के रत्न और आभूषण कारोबार पर पड़ा है। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई माह में इस सेक्टर का एक्सपोर्ट घट गया है। अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते सूरत में कई डायमंड फैक्ट्रियों ने अपने कर्मचारियों को 10 दिन की छुट्टी पर भेज दिया था। जीजेईपीसी ने कहा है कि वैश्विक अशांति के बाद उपभोक्ता मांग में कमी के कारण जुलाई में कुल रत्न और आभूषण एक्सपोर्ट में सालाना आधार पर 23.28 प्रतिशत की गिरावट दिखाई दी है। इस दौरान एक्सपोर्ट घटकर 166.54 करोड़ डॉलर पर आ गया जबकि पिछले साल जुलाई में ये एक्सपोर्ट 217.07 करोड़ डॉलर का हुआ था। जीजेईपीसी चेयरमैन विपुल शाह के मुताबिक, अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण डिमांड में कमी आई है। चीनी अर्थव्यवस्था में वर्तमान संघर्ष के चलते मांग में गिरावट दिख रही है। जुलाई में कट और पॉलिश किए गए हीरों का एक्सपोर्ट 22.71 प्रतिशत घटकर 90.77 करोड़ डॉलर पर आ गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 117.44 करोड़ डॉलर था। जुलाई में सोने की ज्वैलरी का एक्सपोर्ट भी 12.06 प्रतिशत घटकर 53.04 करोड़ डॉलर पर आ गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 60.31 करोड़ डॉलर था। इस बीच, जीजेईपीसी ने बताया कि हाल ही में 9-13 अगस्त तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) प्रीमियर-2024 में लगभग 12 अरब डॉलर (लगभग एक लाख करोड़ रुपये) का कारोबार हुआ। इस शो ने कंबोडिया, ईरान, जापान, मलेशिया, नेपाल, रूस, सऊदी अरब, श्रीलंका, थाईलैंड, तुर्की, ब्रिटेन और उज्बेकिस्तान सहित 13 से अधिक देशों से 50,000 से अधिक खरीदारों और अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स को आकर्षित किया।

## प्राइवेट स्कूल की फीस भरने के लिए पिता किडनी बेचने को मजबूर

**-गरीबी नहीं छोड़ रही पीछा, पत्र लिखकर सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर जिले में एक पिता को बच्चों की स्कूल फीस भरने के लिए किडनी बेचने को महबूर होना पड़ा है। मजबूर पिता ने एक पत्र लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसको लेकर समाज सेवी मदद के लिए आगे आए हैं। रोजा के आदर्श नगर कॉलोनी के रहने वाले अर्जुन का कहना है कि 2014 में उन्होंने रोजा मंडी में किराए पर दुकान लेकर गल्ले का कारोबार शुरू किया था। कुछ समय तक सब कुछ ठीक था लेकिन कोरोना काल में लॉकडाउन लगा तो कारोबार चौपट हो गया। बड़े व्यापारियों का कर्ज उस पर चढ़ गया। कर्ज उतारने और बच्चों की पढ़ाई जारी रख सके इसलिए अर्जुन दिल्ली चला गया और दिल्ली में उसने कबाड़ का काम शुरु किया लेकिन हालात नहीं सुधरे। दो साल दिल्ली में ठोकरे खाने के बाद वापस शाहजहांपुर आ गया और मजदूरी करने लगा लेकिन गरीबी ने उनका दामन नहीं छोड़ा। अर्जुन की बेटी एक डिग्री कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही है जबकि बेटा सीबीएसई के एक प्राइवेट स्कूल में 12वीं का छात्र है। अर्जुन का कहना है कि तंगहाली के कारण एक साल से बेटे की फीस जमा नहीं कर पाए हैं। फीस जमा न होने से बेटे को स्कूल से निकाल दिया गया है। जैसे-तैसे घर का खर्च चल रहा है। पत्नी रूई की बातियां बनाकर दुकानों पर बेचती है, उससे घर के छोटे मोटे खर्च निकल पाते हैं। प्राइवेट स्कूल की भारी भरकम फीस जमा कहां से करेंगे इसलिए किडनी बेचना चाहते हैं। उसके लिए उन्होंने चिट्ठी लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल की है। हालांकि उनकी बेबसी को देखकर समाजसेवी मदद के लिए आगे आए हैं लेकिन वह भी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं।

## पत्नी ने मांगा 6 लाख रुपए गुजाराभत्ता, जज बोलीं-खुद कमाओ और खर्च करो

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर कोर्ट की सुनवाई का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला के वकील उसके पति से छह लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता दिलाने की दलीलें दे रहा हैं। राधा मुनुकुंतला नामक महिला के वकील ने कोर्ट को बताया कि उसे जूते, कपड़े, चूड़ियां आदि के लिए 15,000 रुपए प्रति माह और घर में खाने के लिए 60 हजार रुपए हर महीने की जरूरत है। महिला के वकील ने कोर्ट को बताया कि उसे घुटने में दर्द और फिजियोथेरेपी और अन्य दवाओं के इलाज के लिए चार-पांच लाख रुपए की जरूरत है। सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि यह कोर्ट की प्रक्रिया का शोषण है। जज ने कहा कि अगर वह इतना पैसा खर्च करना चाहती है तो वह कमा सकती है। जज ने कहा-कोर्ट को यह न बताएं कि एक व्यक्ति को बस इतना ही चाहिए। 6,16,300 रुपए प्रति माह। क्या कोई इतना खर्च करता है? वो भी एक अकेली महिला अपने लिए। जज ने आगे कहा कि अगर वह खर्च करना चाहती है तो उसे कमाने दो। पति पर नहीं ऐसा कैसे। आपके पास परिवार की कोई और जिम्मेदारी नहीं है। आपको बच्चों की देखभाल करने की जरूरत नहीं। आप इसे अपने लिए चाहती हैं। आपको संवेदनशील होना चाहिए। जज ने महिला के वकील से कहा कि वह उचित राशि की मांग करें नहीं तो उनकी याचिका खारिज कर दी जाएगी। राधा ने खर्च का ब्यौरा दाखिल न करने के मामले पर 20 अगस्त को सुनवाई हुई। 30 सितंबर, 2023 को बेंगलुरु के पारिवारिक न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने उसे उसके पति एम नरसिम्हा से 50,000 रुपए मासिक भरण-पोषण राशि दिलाने का आदेश दिया था। उसने अंतरिम भरण-पोषण राशि में वृद्धि का अनुरोध करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# जम्मू-कश्मीर में मिलकर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस, फारूक अब्दुल्ला ने गठबंधन का किया ऐलान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में चुनावी ऐलान के बाद से ही सियासी हलचल जबरदस्त तरीके से तेज है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे श्रीनगर के दौरे पर हैं। आज दोनों ही नेताओं ने नेशनल कांफ्रेंस के सुप्रीमो और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच जम्मू कश्मीर को लेकर चुनावी गठबंधन हो गया है। इसका ऐलान खुद फारूक अब्दुल्ला ने किया है। फारूक अब्दुल्ला ने यह भी बताया कि जल्द ही सीटों का ऐलान कर दिया जाएगा। साथ ही साथ दोनों दल मिलकर चुनावी घोषणा पत्र जारी करेंगे।



फारूक अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि हम 90 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन में भी हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। हमें उम्मीद थी कि चुनाव से पहले यह काम हो जाएगा, लेकिन चुनाव घोषित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह एक कदम आगे है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकार, लोकतांत्रिक अधिकार उन्हें वापस मिलेंगे। आजादी के बाद यह पहली बार है कि कोई राज्य केंद्र शासित प्रदेश बना है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। केंद्र शासित प्रदेश राज्य बन गए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि राज्य केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। इसलिए, हम अपने राष्ट्रीय घोषणापत्र में भी बहुत स्पष्ट हैं कि यह हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके लोकतांत्रिक अधिकार वापस मिलें। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को मेरा संदेश है, हम आपकी हरसंभव मदद कर सकते हैं, कांग्रेस पार्टी हमेशा आपके साथ है। हम समझते हैं कि आप बहुत मुश्किल दौर से गुज़र रहे हैं, एक कठिन दौर, और हम हिंसा को खत्म करना चाहते हैं।

राज्यसभा एलओपी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हम सबको मिलकर लड़ना चाहिए और विपक्ष को भी साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। आज वो (बीजेपी) परेशान हैं और इसीलिए आपने देखा होगा कि वो 2-3 बिल पास करना चाहते थे लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण उन्होंने वापस ले लिया या फिर उन्हें संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। उन्होंने कहा कि जब सबने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का पुरजोर विरोध किया तो उसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया...हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे।

## बांग्लादेश को भारत का दो टूक जवाब, बाढ़ की स्थिति का कारण हम नहीं

नई दिल्ली। बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पड़ोसी देश ने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ा। भारत ने इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने अपने में कहा कि हमने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर स्थित जिलों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति त्रिपुरा में गुमटी नदी के ऊपर डंबूर बांध के खुलने के कारण हुई। यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमटी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों भारी बारिश हुई। बांग्लादेश में बाढ़ मुख्य रूप से बांध के नीचे की ओर बड़े जलग्रहण क्षेत्रों के पानी के कारण है। डंबूर बांध सीमा से काफी दूर है। यह बांग्लादेश से 120 किलोमीटर ऊपर स्थित है। त्रिपुरा और बांग्लादेश के आसपास के जिलों में बुधवार से भारी बारिश हो रही है। भारी बाढ़ की स्थिति में स्वचालित रूप से पानी छोड़ा जाता है। अमरपुर स्टेशन द्विपक्षीय प्रोटोकॉल का हिस्सा है, जिसके तहत भारत-बांग्लादेश को वास्तविक समय में बाढ़ के आंकड़े भेज रहा हैं। 21 अगस्त 2024 को तीन बजे तक के बांग्लादेश को बाढ़ के बढ़ते रुझान को दर्शाने वाले आंकड़े भेजे गए। 6 बजे बाढ़ के चलते बिजली गुल हो गई, जिससे संचार में समस्याएं पैदा हो गईं। फिर भी भारत ने संचार बनाए रखने की कोशिश की। भारत और बांग्लादेश के बीच आम नदियों में बाढ़ एक समस्या है, जिससे दोनों देशों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सिद्धारमैया को मिला कांग्रेस विधायकों का साथ,

# डीके शिवकुमार बोले- हमारी सरकार को अस्थिर करने की हो रही कोशिश

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले को लेकर कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि आज हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हमारे सभी विधायक सीएम सिद्धारमैया के साथ खड़े होंगे। पूरी कांग्रेस पार्टी सीएम सिद्धारमैया के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल हमारे खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। राज्यपाल ने बिना किसी जांच के सीएम के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है।

डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा और जेडीएस हमारी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं जो कभी नहीं होगा, हमें इसकी परवाह नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत पर अभियोजन स्वीकृति अनुरोधों को मंजूरी देते समय भेदभाव करने का बुधवार को आरोप लगाया। सिद्धरमैया ने कहा कि लोकायुक्त की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने सोमवार को एक बार फिर राज्यपाल को एक प्रस्ताव सौंपा है, जिसमें कथित अवैध खनन पट्टा मामले में केंद्रीय मंत्री एच. डी.



कुमारस्वामी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने की अनुमति मांगी गई है।

एसआईटी ने पिछले साल नवंबर में, केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री कुमारस्वामी पर मुकदमा चलाने के लिए गहलोत से अनुमति मांगी थी। आरोप है कि कुमारस्वामी ने 2007 में राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर 'श्री साई वेंकटेश्वर मिनरल्स' को कथित तौर पर कानून का उल्लंघन करके खनन पट्टा दिया था।

सिद्धरमैया ने कोप्पल जिले के गनीगेरा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यपाल ने 26 जुलाई को उन्हें ''कारण बताओ नोटिस'' जारी किया, जबकि उसी दिन उन्हें उनके (मुख्यमंत्री के) खिलाफ अभियोजन की मंजूरी संबंधी अनुरोध पत्र मिला था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कुमारस्वामी के मामले में गहलोत ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## त्रिपुरा में भीषण बाढ़ के हालात...शाह ने बात कर दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति पर गुरुवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने लिखा, त्रिपुरा के सीएम से बात की, और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। केंद्र राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय सरकार की सहायता के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों के अलावा एनडीआरएफ की टीमों को भेज रही है। आवश्यकता पड़ने पर केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मोदी सरकार संकट की घड़ी में त्रिपुरा में हमारी बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़ी है।

सीएम माणिक साहा ने भी प्रदेश की मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह को धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा, इस चुनौतीपूर्ण समय में त्रिपुरा के लोगों को अटूट समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह का हृदय से आभार और धन्यवाद !

बता दें कि त्रिपुरा में पिछले दो दिनों में विभिन्न जिलों में भारी बारिश हुई है। लगातार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसे हालत उत्पन्न हो गए हैं। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सोमवार से हो रही भारी बारिश के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान भी हुआ है। उनके घरों में पानी भर गया है, जिससे वे अपना घर छोड़ने को मजबूर हैं। कई लोगों ने राहत शिविरों में शरण लिया है। मौसम विभाग ने बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है। प्रदेश में बाढ़ के चलते स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। सरकारी सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने त्रिपुरा के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। सीएम साहा लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## योगी के बुलडोजर ने धराशायी किया दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता का कोल्ड स्टोरेज

**कन्नौज (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के बड़े नेता और कन्नौज की सांसद डिम्पल यादव के सांसद प्रतिनिधि रह बताये जाने वाले किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव का साथ देने वाले उसके एक रिश्तेदार के कोल्ड स्टोरेज पर प्रशासन का बुलडोजर



चला है। वैसे कन्नौज के तिर्वा तहसील के बलनापुर गांव में यह कोल्ड स्टोरेज नवाब सिंह का बताया जा रहा है। आरोप है कि ग्राम समाज की जमीन पर नवाब सिंह ने अपने रिश्तेदार के नाम से यह कोल्ड स्टोरेज संचालित किया है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्री आदि गिराई गई।

गौरतलब हो, दस अगस्त की रात तिर्वा कोतवाली के एक गांव में रहने वाली 38 वर्षीय महिला अपनी 15 वर्षीय भतीजी के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के चौधरी चंदन सिंह डिग्री कालेज पहुंची थी। यहां रात दो बजे किशोरी ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी थी कि कालेज का संचालक नवाब सिंह उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा है। इससे पुलिस ने दबिश देकर आपत्तिजनक हालत में नवाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान पीड़िता की बुआ ने आरोपित का बचाव करते हुए तहरीर देने से इन्कार कर दिया था, लेकिन पीड़िता ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 12 अगस्त को पीड़िता ने कोर्ट में पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा दुष्कर्म करने के बयान दर्ज कराए थे। पीड़िता के माता-पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म में उसकी बुआ का सहयोग करने की बात कही थी। इससे पुलिस ने उसे भी मुल्जिम बनाया था। इसके बाद से बुआ फरार हो गई थी।

# राजद का साथ छोड़ श्याम रजक... शतरंज का खिलाड़ी नहीं था इसलिए धोखा खा गया

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मंत्री और दलित नेता श्याम रजक ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छोड़ दिया। माना जा रहा है कि वह एक बार फिर से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में शामिल हो सकते हैं। 70 वर्षीय रजक ने कहा कि वह जेडी(यू) में शामिल होने की योजना के बारे में अगले सप्ताह बात करेंगे। रजक ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को अपना इस्तीफा एक्स पर भेजा। उन्होंने शायराना अंदाज में लिखा कि मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया, आप मोहरे चल रहे थे मैं रिश्ते निभा रहा था।



रजक ने आरजेडी छोड़ने का कारण नहीं बताया। माना जाता है कि वह आरजेडी में कोई बड़ा पद न मिलने और 2020 में विधानसभा चुनाव न लड़ पाने से नाराज थे। उनकी फुलवारी सीट (आरक्षित) आरजेडी की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन को दे दी गई, जिसके गोपाल रविदास ने सीट जीत ली। रजक 2024 के राष्ट्रीय चुनाव में समस्तीपुर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन यह सीट कांग्रेस को दे दी गई।

एक आरजेडी नेता ने बताया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में, रजक के फुलवारी से चुनाव लड़ने की संभावना नहीं थी, क्योंकि यह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के साथ है। यह उन कारकों में से एक है, जिसके कारण रजक ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया हो सकता है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब श्याम रजक जदयू में शामिल होंगे। इससे पहले भी वह जदयू में रह चुके हैं। श्याम रजक को कभी लालू प्रसाद यादव के बेहद ही भरोसेमंद नेता के तौर पर देखा जाता था। श्याम रजक ने अपनी राजनीति जेपी आंदोलन से शुरू की थी। पहली बार 1995 में विधायक चुने गए और लालू यादव के खास बन गए। वह लालू और राबड़ी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। 2009 में उन्होंने लालू यादव का साथ छोड़ा था और नीतीश कुमार की पार्टी में आ गए थे। 2010 में चुनाव जीतने के बाद में मंत्री बने। इसके बाद वह फिर से चुनाव जीते लेकिन महागठबंधन की सरकार में उन्हें मंत्री पद नहीं मिला। हालांकि 2020 में नीतीश कुमार के साथ श्याम रजक के रिश्तों में टकराव आ गया था। इसके बाद श्याम रजक को नीतीश कुमार की पार्टी से निकाल दिया गया।

# दूसरे धर्म की लड़की का निकाह कराने वाले मौलाना होशियार हो जायें

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गत दिवस धर्मांतरण से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए निकाह कराने वाले मौलाना को जमानत नहीं दिये जाने का जो फैसला सुनाया है, वह उन लोगों के लिये आंख खोलने वाला है, जो सामने नहीं आकर पीछे से लव जेहाद और धर्मांतरण को बढ़ावा देते और कानून की कमजोरियों का सहारा लेकर बच निकलते हैं।कोर्ट ने माना कि इस्लाम अपनाने का दबाव डालकर निकाह कराना प्रथम दृष्टया धर्मांतरण (मतांतरण) कराने का अपराध है। इस टिप्पणी के साथ हाई कार्ट ने निकाह कराने वाले मौलाना को जमानत पर रिहा करने की अर्जी खारिज कर दी। भले ही न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश एक खास केस (अंकुर विहार गाजियाबाद निवासी मौलाना मोहम्मद शाने आलम की अर्जी) पर दिया है, लेकिन इसका असर व्यापक होगा।

कोर्ट का यह कहना बिल्कुल सही था कि पीड़िता जो एक कंपनी में काम करती है, ने बयान दिया है कि अमान ने धर्म बदलने का दबाव डाला और उसका निकाह कराया गया। याची मौलाना ने जिलाधिकारी की अनुमति लिए बगैर निकाहनामा बनाया, जो दंडनीय अपराध है। उप्र विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध कानून 2021 की धारा-8 के अंतर्गत किसी के भी खिलाफ बलपूर्वक, गलतबयानी, धोखाधड़ी जबरदस्ती और प्रलोभन देकर धर्मांतरित करने पर कार्रवाई की जा सकती है। मौलाना का कहना था कि उसने सिर्फ निकाह कराया है। धर्म परिवर्तन में उसकी कोई भूमिका नहीं है। पीड़िता ने बयान में कहा है कि उसका शारीरिक शोषण किया गया और अमान ने इस्लाम कबूल करने का दबाव डाला। निकाह जबरन कराया गया। कोर्ट ने कहा कि भारत का संविधान हर व्यक्ति को अपने धर्म को मानने व प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है।

संविधान सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी भी देता है, जो भारत की सामजिक सद्भाव और भावना को दर्शाता है। संविधान के अनुसार राज्य को कोई धर्म नहीं है। राज्य के समक्ष सभी धर्म समान हैं। किसी धर्म को दूसरे धर्म पर वरीयता नहीं दी जा सकती। हालांकि हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहण सामने आए हैं, जहां भोले-भाले लोगों को गलतबयानी, बल अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखाधड़ी के माध्यम से एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तित किया गया। यह मामला भी उसी तरह का लगता है। अधिनियम के अनुसार जबरन निकाह कराने के कारण याची धर्म परिवर्तित कराने वाला माना जाएगा और उसे




जमानत नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि लव जेहाद के खिलाफ योगी सरकार जो कानून लाई थी उसका प्रभाव दिखना शुरू हो गया है।

## ओमान में भारतीयों को देना पड़ेगा इनकम टैक्स

दुबई (ईएमएस)। खाड़ी के देशों में अब इनकम टैक्स प्रवासियों से अगले साल से लिया जाएगा। बड़ी संख्या में ओमान में भारतीय कामगार और पेशेवर, मजदूरी और कारोबार के काम में लगे हुए हैं। ओमान सरकार अगले साल से इनकम टैक्स लागू करने जा रही है। ओमान खाड़ी का पहला देश बन गया है। जो भारतीयों से इनकम टैक्स वसूल करेगा। ओमान की सरकार ने जो प्रस्ताव किया है। उसके अनुसार 84 लाख रुपए वार्षिक कमाने वालों को 5 से 9 फ़ीसदी तक इनकम टैक्स देना होगा। इस टैक्स में हर साल वृद्धि भी प्रस्तावित की गई है। माना जा रहा है, ओमान में रहने वाले 6 लाख भारतीय इनकम टैक्स से प्रभावित होंगे।

## पाकिस्तान में स्कूल वैन पर बरसाई गोलियां, दो बच्चों की मौत, पांच घायल



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बड़ा हमला हुआ है। हमलावरों ने एक स्कूल वैन को अपना निशाना बनाया है। हमलावरों ने स्कूल वैन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अटक के ढेरी कोट में एक स्कूल वैन पर हमलावरों ने गोलियां बरसाई जिसमें कम से कम दो बच्चों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। हमले में घायल बच्चों की उम्र पांच से 12 साल है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में मारे गए बच्चों में एक नौ साल का और एक 10 साल का बच्चा शामिल है। इस हमले में मारी गई अरवा फातिमा और रमीन शफीक दोनों लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के मद्देनजर पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने रावलपिंडी के कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी है। सीएम मरियम ने भी हमले में दो बच्चों की मौत पर गहरा दुख जताया है। सीएम मरियम ने संबंधित अधिकारियों को उन बच्चों को बेहतर इलाज मुहैया करने का भी निर्देश दिया, जो इस हमले में घायल हुए हैं। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि स्कूल वैन पर हमला ड्राइवर की निजी दुश्मनी का नतीजा था। उन्होंने कहा कि पिछले महीने इसी दुश्मनी के कारण एक वन अधिकारी और उसके दोस्त की हत्या कर दी गई थी। हत्या का बदला लेने के लिए वैन चालक अफ़ज़ाल पर हमला किया गया। हमले में ड्राइवर घायल हो गया, लेकिन बच्चों को भी गोलियां लगी हैं। हमले में ड्राइवर के साथ सीट पर बैठी दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घायल है।

## डॉक्टर पति द्वारा बनाए गए हजारों अश्लील वीडियो लेकर पुलिस के पास पहुंची महिला, गिरफ्तार

वॉशिंगटन। अमेरिका में रह रहे एक भारतीय ने हजारों लड़कियों के न्यूड वीडियो रिकॉर्ड किए हैं। भारतीय डॉक्टर ओमैर एजाज ने इस महिलाओं के अलावा बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। पुलिस ने एजाज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कथित तौर पर अस्पतालों और अपने घर में छिपे हुए कैमरे का इस्तेमाल करता था। अब शख्स पर यौन अपराधों के 10 मामलों में केस दर्ज किया गया है। यह मामला तब सामने आया जब एजाज की पत्नी ने पुलिस को ये सारी चीज़ें उपलब्ध कराई। इसके बाद ओकलैंड काउंटी शेरिफ ने मिशिगन में उसके रोचेस्टर हिल्स स्थित घर पर तलाशी वारंट जारी किया। 13 अगस्त को एजाज पर औपचारिक रूप से बच्चों के साथ यौन शोषण, न्यूड महिलाओं की तस्वीरें खींचने के चार मामलों और अपराध के लिए कंप्यूटर का उपयोग करने के पांच मामलों में आरोपी बनाया गया है। पुलिस को अपनी जांच के दौरान एक ही हार्ड ड्राइव में 13,000 से ज़्यादा वीडियो मिले हैं। इसके अलावा 15 और डिवाइस ज़ब्त किए हैं। एजाज को 8 अगस्त को बाथरूम, चेंजिंग एरिया, अस्पताल के कमरों और यहां तक ??कि अपने घर में भी छिपे हुए कैमरे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के मुताबिक इंटरनल मेडिसिन का एक्सपर्ट ओमैर एजाज 2011 में भारत से वर्क वीजा पर अमेरिका गया था। मिशिगन के सिनाई ग्रेस अस्पताल में रहने के बाद वे अलबामा के डॉसन चला गया था। इससे पहले भी वह कई अस्पतालों में काम कर चुका है। हाल ही में उसने अलग-अलग अस्पतालों में काम करने के लिए फिजिशियन के रूप में कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। रिपोर्ट के मुताबिक वह कैमरों में दो साल की उम्र के बच्चों और बेहोश या सो रही महिलाओं की आपत्तिजनक फुटेज रिकॉर्ड की है। ओकलैंड काउंटी के शेरिफ माइक बाउचर्ड ने कहा है कि एजाज के अपराधों की लिस्ट इतनी बड़ी है कि उसके अपराधों की पूरी तरह से जांच करने में महीनों लग सकते हैं। बाउचर्ड ने कहा कि कई पीड़ितों का उत्पीड़न हुआ है और यह बहुत बड़ा अपराध है।

## कैंची हुई गायब तो 36 उड़ानें हुईं रद्द

होक्काइडो। कैंची लेकर कोई हवाई जहाज से नहीं जा सकता, ये आपने सुना होगा। लेकिन जापान में एक अनोखा मामला आया है। वहां न्यू चितोशे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में एक स्टोर से कैंची गायब होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। इसका असर 236 से अधिक उड़ानों पर पड़ा। इतना ही नहीं 36 उड़ानें रद्द करनी पड़ी। सुबह 10 बजे होक्काइदो के न्यू चिटोज एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच चल रही थी। तभी पता चला कि वहां एक स्टोर से कैंची गायब हो गई है। इसके बाद सिक ?योरिटी अलर्ट हो गया। अलार्म बजने लगा। यात्रियों की सिक्योरिटी जांच रोक दी गई। देखते ही देखते डिपार्चर लाउंज में मौजूद सभी पैसेंजर्स की दोबारा चेकिंग की बात कही गई। इससे वहां लंबी कतारें लग गईं। नाराज पैसेंजर्स ने जमकर हंगामा किया। लेकिन अफसरों ने दो टूक कहा कि जब तक जांच नहीं हो जाती है, कोई भी यहां से भाग नहीं सकता। सुरक्षा अधिकारियों ने कैंची को काफी ढूंढा। एयरपोर्ट का कोना कोना छान मारा। लेकिन कैंची नहीं मिली। इसके बाद हवाई सेवाएं फिर बहाल कर दी गईं। लेकिन अगले ही दिन वह कैंची उसी स्टोर में फिर मिल गई। इससे जापान के वार्षिक बोन उत्सव मना कर घर लौट रहे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि न्यू चितोशे एयरपोर्ट जापान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। साल 2022 में एयरपोर्ट से 1.5 करोड़ से ज्यादा पैसेंजर्स ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट के सिक्योरिटी अफसरों ने कहा, हम इससे चिंतित थे कि कहीं कोई घटना न हो जाए। उधर, बहुत सारे लोग अफसरों की तारीफ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह बताता है कि अधिकारी हमारी सुरक्षा को लेकर कितने अलर्ट हैं।

## यूट्यूबर ने दी भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी, लोगों का गुस्सा फूटा

लंदन। ब्रिटेन के यूट्यूबर ने भारत पर परमाणु बम गिराने की बात कह दी थी। माइल्स रूटलेज नाम के इस युवक को भारतीयों पर नस्लवादी टिप्पणियां करने के बाद सोशल मीडिया पर भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल यह पूरा मामला एक मीम वीडियो से शुरू हुआ जिसे उसने एक्स पर अपलोड किया था। वीडियो में अमेरिका में छिपे हुए साइलो से परमाणु मिसाइलें निकलती दिखाई दे रही हैं और दुनिया भर में परमाणु युद्ध की बात कही जा रही है। वीडियो शेयर करते हुए रुटलेज ने लिखा-जब मैं इंग्लैंड का पीएम बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी ताकत पर परमाणु साइलो खोल दूंगा। मैं बड़ी घटनाओं की बात नहीं कर रहा हूं, मैं छोटी-सी बात पर पूरे देश को खत्म कर दूंगा। इसके कुछ मिनट बाद रूटलेज ने पोस्ट पर एक कमेंट करते हुए कहा कि मैं भारत पर हमला कर सकता हूं। पोस्ट शेयर करने के बाद लोगों ने उसकी जमकर खिंचाई शुरु कर दी। उसे ट्रोल से धमकी भरे डीएम भी मिलने लगे। इसके बाद उसने भारतीयों के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां करना शुरू कर दी। यूट्यूबर रुटलेज ने लिखा- मानो या न मानो मुझे भारत पसंद नहीं। साथ ही मैं एक भारतीय को महसूस कर सकता हूं कि वह भारतीय है। अगर कोई ऑनलाइन आदमी अचानक पहली प्रतिक्रिया में आपकी मां को गाली देता है, तो वह भारतीय है। ऐसे कई मामले हैं। इस तरह की टिप्पणी के बाद लोग और भड़क गए। एक्स यूजर्स ने उस पर भारतीयों को भड़काने का आरोप लगाया है।



गाजा में इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच उठता हुआ धूआं।

## खालिदा जिया की घर वापसी पर हुआ जोरदार स्वागत



ढाका। बांग्लादेश में सियासी उठा-पटक के इस दौर में बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया की घर वापसी हुई है। गुलशनमार्ग स्थित आवास फिरोजा में खालिदा का जोरदार स्वागत किया गया है। बांग्लादेश की विपक्षी पार्टी ने पूर्व पीएम शेख हसीना को लेकर भारत से एक अहम मांग की है। बीएनपी ने कहा कि भारत को शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेज देना चाहिए, ताकी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। बीएनपी का दावा है कि हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में हत्या सहित कई मामलों में मुकदमे दर्ज है। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहिर हुसैन भी इस तरह की बात पहले कर चुके हैं। बांग्लादेश में चल रहा है सियासी उठा पटक के बीच बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया लंबे इलाज के बाद घर वापस आ गई है। वे गुलशनमार्ग स्थित आवास फिरोजा पहुंची हैं। इससे पहले शाम करीब 7-00 वह एवर केयर अस्पताल से अपने घर के लिए रवाना हुई थी। खालिदा जिया के घर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। उनसे मिलने के लिए लोगों की भारी हुजूम उनके आवास के पास नजर आई।

# यूक्रेन ने राजधानी मॉस्को में जमकर बरसाए गोले-बारूद

### – रूस बोला, 45 ड्रोन कर दिए जमींदोज



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन जंग में बीते ढाई साल से बैकफुट पर नजर आ रहे वोलोदिमीर जेलेंस्की अब फ्रंट-फुट पर आकर पुतिन एंड कंपनी को करारा जवाब दे रहे हैं। करीब एक सप्ताह पहले रूस में घुसकर हमले करने के बाद अब यूक्रेन ने राजधानी मॉस्को में बमबारी की। व्लादिमीर पुतिन ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यूक्रेन उनके देश में इतना अंदर तक घुसकर ड्रोन अटैक भी कर सकता है। रूसी सेना ने माना कि यूक्रेन ने 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। हालांकि साथ ही यह भी दावा किया गया कि उनके सभी ड्रोन को नष्ट कर दिया गया है। यूक्रेन की कोशिश है कि वो ज्यादा से ज्यादा रूस की जमीन पर अपना कब्जा कर ले, ताकि जब बात आपसी समझौते की हो तो वो रूस द्वारा कब्जाई गई अपनी जमीन को वापस पा सके। विशेषज्ञ का कहना है कि इसी कारण अब यूक्रेन अमेरिका सहित तमाम अन्य पश्चिमी देशों की मदद से रूस पर हमलावर हो गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मॉस्को ने रातभर में यूक्रेन के 45 ड्रोन नष्ट कर दिए। दावा किया गया कि 11 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र के ऊपर नष्ट किए गए जबकि 23 ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र, छह बेलगोरोद, तीन कलुगा और दो कुर्स क्षेत्र में नष्ट किए गए। मॉस्को के मेयर सर्गेइ सोबियानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि ड्रोन के जरिए मॉस्को पर हमला करने की यह अब तक की सबसे बड़ी कोशिशों में से एक थी। उन्होंने कहा कि राजधानी मॉस्को के आसपास बनाई गयी मजबूत रक्षा प्रणाली के कारण सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए। रूस के कुछ सोशल मीडिया चैनल पर वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को नष्ट करते हुए देखा जा सकता है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब रूस पूर्वी यूक्रेन में आगे बढ़ रहा है, जहां उसका लगभग 18 प्रतिशत क्षेत्र पर नियंत्रण है! वह अपने कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के अटैक को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूसी क्षेत्र पर सबसे बड़ा विदेशी हमला है! रूसी मीडिया ने मॉस्को क्षेत्र के आसमान में ड्रोन के चक्कर लगाने और फिर हवाई सुरक्षा द्वारा आग के गोले में मार गिराए जाने का फुटेज शेयर किया। रूसी विमानन नियामक संस्था ने कहा कि मॉस्को के हवाई अड्डों वनुकोवो, डोमोडेडोवो और जुकोवस्की ने चार घंटे के लिए उड़ानों को सीमित कर दिया, लेकिन 0330 जीएमटी से सामान्य परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया था।

## यूरोपियन यूनियन के एक फैसले पर भड़का चीन



### – बुरी तरह छटपटा रहे जिनपिंग, दादागिरी करने वाले अब दे रहे हैं नियमों की दुहाई

**बीजिंग (एजेंसी)।** यूरोपियन यूनियन के एक फैसले से चीन को मिर्ची लग गई है। चीन के अधिकारी और उद्योग जगत के लोग यूरोपियन यूनियन पर भड़क गए। दरअसल ईयू ने एक नया ड्राफ्ट रिलीज किया है जिसमें चाइनीज इलेक्ट्रिक व्हीकल के खिलाफ जांच करने की बात कही गई है। यह बात चीन को बुरी तरह चुभ गई। चीन ने कहा कि यूरोपीय संघ का यह फैसला चीन और यूरोपियन यूनियन के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को कमजोर करता है क्योंकि इस फैसले से यूरोपियन यूनियन के बाजार में चीनी की कंपनियों के प्रति विश्वास में कमी आएगी। विशेषज्ञ ने कहा कि यूरोपीय यूनियन का यह ऐलान, जिसमें चाइनीज इलेक्ट्रिक व्हीकल्स निर्माताओं के खिलाफ भारी टैरिफ दरें शामिल हैं, ने विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से दोनों पक्षों के बीच चल रही बातचीत में और भी ज्यादा मुश्किलें पैदा कर दी हैं। इस बीच चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने चीन के घरेलू उद्योग के अनुरोध पर यूरोपीय संघ के कुछ डेयरी उत्पादों की जवाबी जांच शुरू की। चाइनीज विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू उद्योग के आवेदन और डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुसार शुरू की गई यह जांच उचित है। हालांकि, यह ईसी की संरक्षणवादी जांच से पूरी तरह अलग है जो डब्ल्यूटीआई नियमों का उल्लंघन करती है। यूरोपियन यूनियन ने चीनी ईवी निर्माताओं के खिलाफ 36.3 प्रतिशत की अधिकतम टैरिफ दर बनाए रखने का फैसला किया, जबकि चीन में टेस्ला द्वारा निर्मित ईवी पर यह दर 9 प्रतिशत है। इस फैसले से नाराज कई चीनी मंत्रालयों और उद्योग समूहों ने इस कदम की निंदा की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने ईसी की जांच को संरक्षणवाद और राजनीति से प्रेरित कार्रवाई कहा कि उन्होंने कहा कि ईसी की यह जांच तथ्यों की अनदेखी और डब्ल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ है।

## इजराइली सेना के खुफिया प्रमुख ने दिया इस्तीफा, बोले– 7 अक्टूबर का हमला नहीं रोक पाया

येरूसलम। इजराइल और हमास के बीच पिछले दस माह से जंग चल रही है। इसकी शुरुआत तब हुई थी जब 7 अक्टूबर को इजराइल में एक समारोह में दौरान आतंकी हमला किया जिसमें सैकड़ो नागरिकों की मौत हो गई। इसके बदला लेने के लिए इजराइल ने हमास का नामोनिशान मिटाने का संकल्प लिया और हमास पर धावा बोल दिया। अब 10 महिने बाद इजरायली सैन्य खुफिया प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया है। विदाई समारोह में 7 अक्टूबर को देश की सीमा की सुरक्षा ना कर पाने की जिम्मेदारी ली। 38 साल से भी ज्यादा समय तक सेना से जुड़े रहे मेजर जनरल अहरोन हालिवा ने अप्रैल में अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। इस दौरान जनरल अहरोन ने माना कि वे इजरायल के इतिहास में सबसे बड़े हमले का पता लगाने और उसे रोकने में असफल रहे। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर बड़ा हमला कर पूरे क्षेत्र में तबाही मचाई थी।

## महिलाओं और लड़कियों पर दुनिया में सर्वाधिक हिंसा करने वाला देश है फिजी

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** सुवा (ईएमएस)। फिजी में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की दर दुनिया में सबसे अधिक है, जहां तीन में से दो महिलाओं को अपने जीवनकाल में शारीरिक या यौन हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, फिजी की महिला, बाल और सामाजिक सुरक्षा मंत्री लिंडा तबुया ने फिजी के मुख्य द्वीप पर नाडी शहर में एक उच्च स्तरीय संवाद में तबुया ने कहा कि पिछले एक दशक में स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत और महत्वाकांक्षी प्रतिक्रिया का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए फिजी राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) 2023-2028 में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। जून 2023 में शुरू की गई यह योजना प्रशांत द्वीप देश में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए एक व्यापक, समावेशी और साक्ष्य-आधारित नजरिया प्रदान करती है। यह दिल दहला देने वाला है, यह वास्तव में एक दिल दहला देने वाली वास्तविकता है जिसने दादी, चाची, माताओं, बहनों और निश्चित रूप से हमारे परिवारों को प्रभावित किया है और प्रभावित करना जारी रखा है। यह अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि इस डीप डाइव हाई-लेवल डायलॉग ने पारंपरिक नेताओं, प्रांतीय अध्यक्षों, महिलाओं और युवा नेताओं को एक साथ लाकर चर्चा की है कि पारंपरिक संस्थाओं में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को रोकने में वे कैसे मदद कर सकती हैं।

## पाकिस्तान में बवाल: हजारों इमरान समर्थक इस्लामाबाद के लिए रवाना



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के हजारों समर्थक आज फिर से सड़कों पर उतर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और पंजाब जैसे प्रांतों से हजारों की संख्या में उनके समर्थक इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। इन समर्थकों ने एक जलसे का फैसला किया है। इस जलसे यानी रैली का नेतृत्व खैबर पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंदापुर करेंगे। वहीं इस्लामाबाद प्रशासन ने इस रैली के लिए जारी एनओसी को रद्द कर दिया है, जिससे तनाव बढ़ गया है। इमरान समर्थक रोक लगने के बाद भी इस्लामाबाद की ओर बढ़ने पर आमादा हैं।

यदि इन लोगों पर कोई लाठीचार्ज या बल प्रयोग हुआ तो फिर हालात बिगड़ भी सकते हैं। इससे पहले बीते साल 9 मई को जब इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था तो पूरे पाकिस्तान में ही हिंसा भड़क गई थी। यहां तक कि सेना के प्रतिष्ठानों पर भी हमले हुए थे। उस मामले में कई पीटीआई नेता अब भी जेलों में बंद हैं। खुद इमरान खान जेल में ही हैं। इससे पहले रमजान के दौरान इस्लामाबाद प्रशासन ने पीटीआई को अनुमति दी थी कि वह रैली कर सकती है। तब पीटीआई का कहना था कि हमारे कार्यकर्ता मस्जिदों में व्यस्त हैं।इमरान खान समर्थकों ने इस्लामाबाद के तारनोल में जुटने का फैसला लिया है। बता दें कि पहले प्रशासन ने 31 जुलाई को रैली के लिए एनओसी जारी कर दी थी, लेकिन अब उसे वापस ले लिया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अब भी इमरान खान की पार्टी की ही सरकार है। वहां उसका अच्छा प्रभाव भी है और खुद इमरान खान पठान हैं और मूल रूप से खैबर के ही हैं। ऐसे में वहां से हजारों की संख्या में लोग इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे हैं। पाक सरकार को आशंका है कि आज कोई बड़ा बवाल भी हो सकता है। गौरतलब है कि इमरान खान की सरकार जाते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर पीएम के तौर पर मिले उपहारों को गबन करने समेत कई मामले चल रहे हैं। पाकिस्तान पंजाब सरकार ने इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है ताकि इन लोगों को आगे बढ़ने से रोका जा सके। पंजाब में किसी भी तरह के राजनीतिक जुटान पर भी रोक लगी है। बीते कई महीनों से इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थक इस्लामाबाद में रैली की परमिशन मांग रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंत में 22 अगस्त को जुटने का फैसला लिया गया। इस रैली के लिए खैबर पख्तूनख्वा से हजारों लोग आगे बढ़ रहे हैं। वहीं उन्हें रोकने के लिए प्रशासन ने इस्लामाबाद के एंट्री पॉइंट्स पर बड़े-बड़े कंटेनर रखवा दिए हैं।

# एमपॉक्स के तेज फैलाव ने बढ़ाई चिंता, डब्ल्यूएचओ ने घोषित की स्वास्थ्य आपदा

**जिनेवा (एजेंसी)।** अफ्रीका में एमपॉक्स वायरस के तेज फैलाव को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अंतरराष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा घोषित किया है। मगर एमपॉक्स क्या है, यह मूल रूप से कहां से फैली और दुनिया इस खतरे का मुक़ाबला किस तरह कर सकती है? इसे लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। एमपॉक्स के फैलाव ने कोविड-19 और एचआईवी संक्रमण के शुरुआती दिनों जैसा डर भी उत्पन्न कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप में क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर हैंस क्लूगे ने मंगलवार को इन चिन्ताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने इसके बारे में अहम जानकारी दी।

### क्या है एमपॉक्स और कैसे फैलता है

एमपॉक्स 1958 में सामने आया। जब प्रयोगशाला के कई बंदरों में इस वायरस के होने की पुष्टि हुई। यह एक जूनोटिक वायरल रोग है। यह जानवरों से मनुष्यों में फैल सकता है और इंसान से इंसान में भी इसका प्रसार हो सकता है। मानव एमपॉक्स की पहचान पहली बार 1970 में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में एक नौ महीने के लडके में हुई थी। एमपॉक्स कुछ साल पहले मध्य और पश्चिम अफ्रीका में एक स्थानीय बीमारी थी, मगर वर्ष 2022 में इसने एक वैश्विक संक्रमण फैलाव किया। इसके बाद डब्ल्यूएचओ को एमपॉक्स को जुलाई में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा घोषित करना पड़ा। एमपॉक्स के रोगियों में पहले देखे गए लक्षण चेचक के समान होते हैं। लेकिन यह चिकित्सकीय रूप से कम गंभीर है। 2003 में अफ्रीका के बाहर एमपॉक्स का पहला मामला अमेरिका में दर्ज किया गया था और इसे संक्रमित पालतू प्रैरी कुत्तों संपर्क से जोड़ा गया था। इसका नाम एमपॉक्स है, लेकिन कृंतक जैसे गैम्बियन विशाल चूहे या पेड़ों की गिलहरी जैसे अधिकांश जानवर इससे संक्रमित हो सकते हैं और फिर आगे लोगों को संक्रमित कर सकते हैं।

### यह आमतौर पर कहां पाया जाता है?

एमपॉक्स सबसे अधिक मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के वर्षा वनों में पाया जाता है और वह जानवर जिनमें ये वायरस हो सकता है, वे वहां के मूल निवासी हैं। इन देशों में यह बीमारी तेजी से शहरी क्षेत्रों में देखी जा रही है। कभी-कभी यह उन लोगों में भी पाया जा सकता है, जो इन देशों का दौरा करने के बाद संक्रमित हुए हों। इसके लक्षणों में आमतौर पर बुखार, तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, शरीर में ऊर्जा की कमी, सूजी हुई गांठें और त्वचा पर चकत्ते या घाव शामिल हैं। त्वचा पर ये दाने और चकत्ते, आमतौर पर बुखार की शुरुआत के पहले या तीसरे दिन होते हैं। ये घाव चपटे या थोड़े उभरे हुए हो सकते हैं, जिनमें साफ या पीले रंग का तरल पदार्थ भरा होता है, फिर सूखकर इनकी पपड़ी बनकर गिर जाती है।



## पानीपत में मकान की जर्जर छत का गिरा हिस्सा, कमरे में सो रहे ढ़ाई साल के मासूम की मौत



पानीपत । पानीपत शहर की एक कॉलोनी में मकान की जर्जर छत का हिस्सा गिरने से कमरे में सो रहे बच्चे की मौत हो गई। ढाई साल का बच्चा चारपाई पर सो रहा था कि उस पर छत के लेंटर का कुछ हिस्सा आ गिरा। हादसे की आवाज सुनकर परिवार वाले कमरे में पहुंचे। उन्होंने छत का मलबा हटाकर बच्चे को आनन-फानन में सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिवार के प्रमुख गौरेला ने बताया कि वह पांच साल से पानीपत की वधावाराम कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे। उनका मकान काफी समय से जर्जर हालत में है। दीवारों के साथ-साथ इसकी छत भी खराब हो चुकी है। छत के छोटे-छोटे हिस्से नीचे गिरने लगे थे। उन्होंने इस बारे में कई बार मकान मालिक को बताया और मकान की मरम्मत का आग्रह किया लेकिन मकान मालिक ने हर बार मरम्मत कराने से मना कर दिया। बुधवार सुबह करीब 7 बजे घर के बाकी सदस्य उठ गए थे लेकिन उनका ढाई साल का बेटा राजबीर कमरे में ही चारपाई पर सो रहा था। उसी दौरान अचानक छत के कुछ टुकड़े सीधे राजबीर के चेहरे पर आ गिरे। इसकी वजह से राजबीर की मौके पर ही मौत हो गई।

## नारनौल में फायरिंग : मानक चौक पर देर शाम दो बदमाशों ने दुकानदार पर चलाई गोली, बाल-बाल बची जान



नारनौल । हरियाणा प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता में लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने हथियार जमा कराने होंगे, लेकिन वहीं दूसरी तरफ मानों अवैध हथियार रखने वाले अपराध प्रवृति के लोगों को खुली छूट मिल गई है। ऐसा ही एक मामला नारनौल के मानक चौक से सामने आया है जहां देर शाम एक व्यापारी पर फिरौती न देने को लेकर फायर किया गया। गोली चलने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस व डीएसपी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे। व्यापारी विकास ने बताया कि वह अपनी दुकान में बैठा था, तभी मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और उन्होंने फिरौती देने को कहा। जब उसने फिरौती देने से मना किया तो उन्होंने उन पर गोली चला दी। गनीमत यह रही कि गोली उन्हें नहीं लगी और वह वहां से उठकर भाग गया। पूरे मामले को लेकर डीएसपी सुरेश कुमार ने कहा कि गोली चलने की सूचना मिलने पर वह शहर थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे हैं। जांच के दौरान उन्हें गोली का एक खोल मौके पर मिला है। जांच जारी है और जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## हरियाणा में बढ़ता जा रहा क्राइम, रोहतक में व्यक्ति का मर्डर कर सड़क पर फेंका शव, सिर में चोट के निशान



रोहतक । रोहतक सांपला में 334बी नेशनल हाईवे के साथ लगते खेतों में कुलताना रोड के पास लगभग 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है, जिसके हाथ बंधे हुए हैं और गोली मारकर उसकी हत्या की गई है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पर सांपला थाना पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुलताना रोड पर 334बी हाईवे की सोनीपत की ओर जाने वाली सर्विस लेन के साथ लगते खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और जब जांच पड़ताल की तो युवक के हाथ बंधे हुए थे और हाथ पर दिनेश लिखा हुआ है और हाथ में चांदी का कड़ा भी पहना हुआ है। जांच के लिए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया और जब व्यक्ति के शव की जांच की गई तो युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की हत्या कहीं और की गई है और शव को यहां पर फेंक कर चले गए हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई भेज दिया गया है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

## सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने वाले 288 पकड़े, 16 लाख का किया जुर्माना

गुड़गांव, । सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालकर गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम गुरुग्राम की स्वच्छता टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। ऐसा करने वालों पर कड़ी निगरानी रखते हुए मौके पर ही उनके चालान करके चालान राशि का भुगतान भी साथ-साथ ही करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में अगस्त माह में अब तक स्वच्छता टीमों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में निगरानी के दौरान 288 उल्लंघनकर्ताओं के 166500 रुपए के चालान करके राशि का भुगतान करवाया गया है। इनमें अधिकतर ऐसे मार्केट क्षेत्रों के दुकानदार या रेहड़ी-पटरी विक्रेता हैं, जो अपना कचरा बाहर डाल देते हैं। स्वच्छता टीमें ऐसे व्यक्तियों पर लगातार निगरानी कर रही हैं तथा चालान करने के साथ ही उन्हें दोबारा से ऐसा नहीं करने के लिए आगाह भी किया जा रहा है। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार नगर निगम की स्वच्छता टीमें क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। टीमों द्वारा विभिन्न सडकों, गलियों, मार्केट क्षेत्रों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है। कुछ स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं कि स्वच्छता टीमों द्वारा सफाई कार्य पूरा करने उपरान्त कुछ लोग अपने यहां से निकलने वाले कचरे को सडक या गली में फिर से फैंक देते हैं। इससे एक ओर जहां सफाई व्यवस्था दुबारा से खराब होती है, वहीं दूसरी ओर यह कचरा हवा के साथ उडकर पूरे क्षेत्र को गंदा कर देता है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नागरिकों से बार-बार अपील की जा रही है कि वे कचरे को हमेशा डस्टबिन में ही रखें तथा कचरा एकत्रित करने वाले कर्मचारी को सौंपें। इसके अलावा, आसपास निर्धारित स्थान या गार्बेज ट्रॉली में ही कचरा डालें। सडक पर कचरा फैंकना दंडनीय अपराध है तथा ऐसा करने वालों पर 500 रूपए का जुर्माना लगाया जा रहा है।

# अंबाला में जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे सीएम सैनी: बोले- कांग्रेस के अंदर अपनी डफली अपना राग

**अंबाला।** हरियाणा में चुनावी बिगुल बज चुका है और सभी पार्टियां अपने-अपने तरीके से प्रचार प्रसार में जुट गई है। बुधवार को अंबाला में भी भाजपा द्वारा जन आशीर्वाद रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। मुख्यमंत्री का अंबाला पहुंचने पर परिवहन मंत्री असीम गोयल ने स्वागत किया। इस दौरान लोगों की भी भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों की संख्या में लोगों ने बैठकर मुख्यमंत्री का भाषण सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने पिछले 10 सालों में हर वर्ग के लिए कोई ना कोई काम किया है, हर वर्ग को इससे फायदा मिला है। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

### कांग्रेस के अंदर अपनी डफली अपना राग- सीएम सैनी

लालू प्रसाद के दामाद ने दावा किया है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह उपमुख्यमंत्री बनेंगे, जिस पर नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर अपनी डफली अपना राग है। सब अपने दावे कर रहे हैं शैलजा कह रही है मैं मुख्यमंत्री बनूंगी, रणदीप सुरजेवाला कह रहे हैं मैं मुख्यमंत्री बनूंगा तो इसमें कोई ढंग की बात नहीं है।

वहीं बिरेंद्र सिंह ने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा 2 या 4 विधायकों वाली पार्टी थी, जिसे उन्होंने 47 तक पहुंचाया। भाजपा में सिर्फ दलाली चलती है जिस पर तंज कसते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चौधरी वीरेंद्र सिंह बुजुर्ग हो गए है, उन्होंने पहले मलाई खाई और सोच रहे थे वहां जाकर भी मलाई ही मिलेगी, लेकिन वहां मिली नहीं। चौधरी वीरेंद्र सिंह बुजुर्ग हो गए हैं और जब बुजुर्ग हो जाते हैं तो कई दिक्कतें भी आती है।




## अडानी महाघोटाले को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस, सेबी प्रमुख को हटाने की मांग, उदयभान के अलावा वरुण व जेपी हिरासत में

**चंडीगढ़** । हरियाणा कांग्रेस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी महाघोटाले को लेकर सड़कों पर उतर आई है। घोटालों की जांच के लिए जेपीसी गठित नहीं किए जाने के विरोध में कांग्रेस नेता सेबी प्रमुख को हटाने की मांग की। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया।

कांग्रेस नेताओं ने चंडीगढ़ में हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय से ईडी दफ्तर तक मार्च निकाला। इस प्रोटेस्ट को लेकर हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की ओर से 2 दिन पहले ही लेटर जारी किया गया था। इस लेटर में प्रदेश के सभी बड़े नेताओं को शामिल होने के लिए चंडीगढ़ बुलाया गया था। उदयभान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### हरियाणा कांग्रेस के लेटर में क्या था ?

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने लेटर जारी कर बताया था, कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में 13 अगस्त को ऑल इंडिया कांग्रेस मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी, जिसमें पीसीसी अध्यक्ष, एआईसीसी महासचिव और प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य मुद्दों के अतिरिक्त अडानी महाघोटाले पर भी खुलकर चर्चा हुई। बैठक में I.N.D.I.A गठबंधन द्वारा बार बार मांग किए जाने के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा उजागर इस महाघोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन न किए जाने के लिए घोर निंदा की गई। इस घोटाले की चल रही लीपापोती का कड़ा विरोध किया गया।



उदयभान ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 22 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कोठी नंबर 140, सेक्टर 9 - बी, चंडीगढ़ से प्रवर्तन निदेशालय , सेक्टर 18 तक विरोध मार्च निकाला जाएगा और उसके उपरांत ईडी को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर ! सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई; पंजाब सरकार को 3 दिन में अन्य कमेटी सदस्यों के देने होंगे नाम



**चंडीगढ़ / दिल्ली** ।शंभू बॉर्डर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। पंजाब और हरियाणा सरकारों ने किसानों के साथ हुई बैठक की रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने दोनों सरकारों को किसानों के साथ बैठकें जारी रखने के आदेश दिए हैं। वहीं पंजाब को तीन दिन में अन्य कमेटी सदस्यों के नाम देने को भी कहा है। अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी।

कोर्ट ने आदेश में कहा कि दोनों राज्यों के वकील इस अदालत द्वारा गठित की जाने वाली समिति के लिए मुद्दों का प्रस्तावित विषय प्रस्तुत करेंगे। हमने स्पष्ट किया है कि समिति का संदर्भ एक व्यापक अधिदेश होगा ताकि जो मुद्दे बार-बार कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा कर रहे हैं, उन्हें निष्पक्ष और उचित तरीके से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सके।

### फरवरी से चल रहा संघर्ष

फसलों के एमएसपी को लेकर पंजाब के किसान फरवरी-2024 से आंदोलन पर हैं। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई।

किसानों ने बॉर्डर पर पंजाब की तरफ स्थायी मोर्चा बना लिया। ऐसे में वहां से आवाजाही बंद है। इसके चलते अंबाला के व्यापारियों को परेशानी हो रही है। इस कारण उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को बॉर्डर खोलने के आदेश दिए थे, लेकिन सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

## दुष्यंत चौटाला का सीएम सैनी को चैलेंज, शायराना अंदाज में बोले-वाकिफ हो जाओगे हरियाणा के हाल से



**चंडीगढ** ।हरियाणा विधानसभा चुनावों का ऐलान होते ही हरियाणा में सियासी हलचल तेज हो गई है। दुष्यंत चौटाला ने सीएम सैनी को लेकर एक्स पर शायराना अंदाज में कटाक्ष भी किया है। उन्होंने लिखा है वाकिफ हो जाओगे हरियाणा के हाल से, आप चुनाव लड़कर देखिए करनाल से। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पोस्ट पर सीएम सैनी को टैग भी किया है। गौर रहे कि चौटाला ने कांग्रेस को भी राज्यसभा उपचुनाव में कैंडिडेट खड़ा करने की चुनौती दी है। दुष्यंत चौटाला ने पार्टी के विधायकों के इस्तीफे का जिक्र करते हुए कहा है कि 21 अगस्त हरियाणा राज्यसभा उपचुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तो हमारे 4-5 विधायक भी कांग्रेसी हो चुके हैं। अब तो कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव जीतने के क़रीब है। अगर भूपेन्द्र हुड्डा की बीजेपी से सांठगांठ नहीं है तो वो राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करे। हम पहले से ही बीजेपी के ख़िलाफ़ वोट करने का वादा कर चुके हैं। बता दें कि हरियाणा में राज्यसभा की सीट भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। दीपेंद्र हुड्डा लोकसभा चुनावों में रोहतक से चुनाव जीते हैं। वे इन दिनों कांग्रेस की 'हरियाणा मांगे हिसाब' यात्रा को लेकर लोगों के बीच में हैं।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में जमानत भी नहीं बचा पाए ताऊ के वंशजों की पार्टीयां

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मियों के बीच जहां राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों के नाम फाइनल करने में लगे हैं। वहीं, टिकट के दावेदारों के साथ जनता में भी इस बात की उत्सुकता है कि किस सीट से किस दल का कौन प्रत्याशी मैदान में होगा। इसके साथ ही जनता यह भी जानने की इच्छुक है कि इस बार का मुकाबला किन दलों के बीच होगा। चुनाव से जुड़े जनता के कुछ ऐसे ही महत्वपूर्ण सवालों का जवाब तलाशने की हमने कोशिश की।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार होने वाले हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधी टक्कर होने की संभावना है। हालांकि इस चुनाव में जेजेपी, इनेलो, आप समेत कुछ अन्य दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में होंगे। इनमें से जेजेपी और इनेलो खुद को किंग मेकर की भूमिका में लाने के साथ अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2024 के इस विधानसभा चुनाव में पहली बार आम आदमी पार्टी की ओर से प्रत्याशी उतारे जाने के कारण भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद है कि बहुगुनीय मुकाबले में वह जीत हासिल कर सकते हैं। इसके उल्ट यदि करीब तीन महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम पर गौर करें तो बीजेपी-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आता है। इस चुनाव में दोनों ही दलों ने 5-5 सीट हासिल की थी।

लोकसभा चुनाव के घोषित परिणाम के आंकड़े देखे तो पता चलता है कि उस दौरान भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की 90 विधानसभा में से 44 पर बढ़ हासिल की थी, जबकि 9 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने 42 सीट पर बढ़ ली थी। इसके अलावा कांग्रेस के साथ मिलकर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर कुरुक्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी नो 4 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी।

### कांग्रेस में टिकट वितरण बड़ी समस्या

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 5 सीट पर मिली जीत से हरियाणा के साथ-साथ पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी काफी खुश है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई की ओर से टिकट के आवेदन करने वाले नेताओं से शुल्क लिए जाने के बावजूद 90 सीट के लिए 2500 से अधिक नेताओं ने टिकट के लिए आवेदन किया। इतनी भारी संख्या में टिकट के आवेदन आना ही दर्शाता है कि इस बार कांग्रेस के नेता अपनी पार्टी की जीत को लेकर कितने आश्वस्त है ? यहां तक तो सब ठीक था, लेकिन अब कांग्रेस के सामने यहीं समस्या है कि इतने नेताओं में से 90 लोगों का चयन किस प्रकार से किया जाएगा, क्योंकि फिर से सत्ता में वापसी की फिराक में लगी कांग्रेस को टिकट वितरण में गड़बड़ होने पर गुटबाजी का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में जहां टिकट मिलने वाले नेता को दूसरे आवेदकों को मनाकर अपने पक्ष में करना होगा। वहीं, पार्टी के लिए भी सभी में सामंजस्य बनाना भी जरूरी होगा।

## विधानसभा चुनाव से पहले जेजेपी का 6वां विकेट गिरा, पार्टी के साथ विधायकी से भी रामनिवास सूरज खेड़ा ने दिया इस्तीफा

जींद। हरियाणा में तेजी से उभरे जन नायक जनता दल को लगातार झटके लग रहे हैं। सत्ता से से बाहर होने के बाद जेजेपी में नेताओं का पतझड़ लग गया है। एक के बाद एक नेता पार्टी को अलविदा कह रहे हैं। इस बीच पार्टी आलाकमान से पहले से ही नाराज बताए जा रहे नरवाना विधायक राम निवास सूरजखेड़ा ने जेजेपी को अलविदा कह दिया है। सूरज खेड़ा ने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष को



अपना इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने इस्तीफे में लिखा की पार्टी की गतिविधियां मेरी राजनीतिक विचारधारा के विपरीत हैं। इसलिए वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व सभी दायित्वों से इस्तीफा देते हैं। जेजेपी से को अलविदा कहने के साथ ही उन्होंने विधायकी से भी इस्तीफा दे दिया है। सूरजखेड़ा ने अपना इस्तीफा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता को भेज दिया है। नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को 2019 विधानसभा चुनाव में नरवाना के विधायक रही सभी से सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले विधायक हैं। उन्होंने 30692 वोटों के अंतर से अपनी प्रतिद्वंद्वी रही भाजपा प्रत्याशी संतोष दनौदा को मात दी थी। जननायक जनता पार्टी की खराब स्थिति के बीच नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा का इस्तीफा देना जजपा की मुश्किलें बढ़ा चुका है। इससे पहले भी पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है।नरवाना की राजनीति में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल सकता है। विधायक रामनिवास का अगला कदम अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं है, परन्तु उनके संकेत भारतीय जनता पार्टी से उनकी नजदीकियों को दर्शाते हैं। विधायक रामनिवास ने कहा कि जननायक जनता पार्टी से वर्ष 2019 में विधायक चुने गए थे, परन्तु पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने नरवाना हल्के के विकास कार्यों में उनका सहयोग नहीं किया। इसी कारण आज मैंने जननायक जनता पार्टी से खुद को अलग किया है। इसके साथ ही विधानसभा सभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दिया है।

## ससुर बंसीलाल व पति सुरेंद्र के बाद किरण भी बनेंगी राज्यसभा की सदस्य !

**चंडीगढ़** । हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर होने जा रहे चुनाव को लेकर भाजपा ने स्व. चौ. बंसीलाल की पुत्रवधू एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है और विधायकों की संख्या अनुपात के हिसाब से उनका चयनित होना तय माना जा रहा है। ऐसी भी चर्चा है कि भाजपा किरण की बेटी श्रुति चौधरी को तोशाम विधानसभा सीट से चुनाव लड़वा सकती है। इस सीट से कई बार बंसीलाल व सुरेंद्र सिंह भी विधायक रह हैं तो 4 बार किरण चौधरी भी विधायक रह चुकी हैं। खास पहलू यह है कि किरण से पहले उनके परिवार में उनके ससुर बंसीलाल एवं पति सुरेंद्र सिंह भी राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

### तोशाम से अनूठा रिकॉर्ड बना चुकी हैं किरण चौधरी

चौ. बंसीलाल के छोटे बेटे सुरेंद्र सिंह का एक हादसे में निधन होने के बाद तोशाम विधानसभा सीट पर जून 2005 में उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से सुरेंद्र सिंह की पत्नी किरण चौधरी ने चुनाव लड़ा और जीत का अनूठा रिकॉर्ड बनाया। उस उप-चुनाव में तोशाम के 158 बूथों पर किरण के पक्ष में एकतरफा माहौल था। खास बात यह है कि इनैलो, भाजपा सहित किसी भी राजनीतिक दल ने तोशाम सीट से अपना उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा था।

### पहली बार 1998 में दिल्ली से विधायक बनी थीं किरण चौधरी

किरण चौधरी साल 1988 में पहली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली कैटर चुनी गई थी। वे दिल्ली विधानसभा की डिप्टी स्पीकर भी रहीं। ट से विधायक ।। 2005 में तोशाम का उपचुनाव जीतकर पहली बार हरियाणा विधानसभा की सदस्य भी बनीं। इसके बाद वे लगातार 2009, 2014 और 2019 में हरियाणा की तोशाम सीट से विधायक बनने में सफल रहीं। वे 2005 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार में वन, पर्यावरण, पर्यटन और खेल मंत्री के अलावा जनस्वास्थ्य और आबकारी मंत्री भी रहीं। इससे पहले 1986 में उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। वे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव सहित कई पदों पर रहीं। किरण चौधरी का जन्म 5 जून



1955 को उत्तरप्रदेश के फैजाबाद के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। उनके पिता आत्मा सिंह सेना में ब्रिगेडियर थे।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आहूत

## कार्य में लापरवाही बरतने वालों से लिया जाएं स्पष्टीकरण : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद। (आशा चौधरी)** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, उत्तर प्रदेश जल निगम (अर्बन), उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई, यूपी सिडको, सी0 एण्ड डी0एस0, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 लखनऊ, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, एचएससीसी (इंडिया) लि0, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के संस्थावार परियोजनाओं का सारांश प्रस्तुत किया गया। जिसमें कुल योजनाओं, पूर्ण एवं अर्पूण योजनाओं, लम्बित योजनाओं सहित अन्य जानकारी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रगति रिर्पोट में पाया कि कुछ योजनाओं में कार्य से अधिक धनराशि दी जा चुकी है, वहीं बहुत सी योजनाओं में कार्य विलम्भ से चल रहा है, कुछ योजनाओं के कार्य का समय पूर्ण होने वाला है परन्तु कार्य अभी तक अधूरा है, जिस पर जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि उक्त कार्यों के प्रति असंवेदनशीलता, कोताही, लापरवाही बरतने वालों को नोटिस भेजते हुए स्पष्टीकरण मांगा जाएं। जिलाधिकारी ने आदेश दिए कि जिन संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं के लम्बित होना का कारण स्पष्ट नहीं किया जा रहा है एवं जिनके कार्य लम्बित हैं उन सभी संस्थाओ के साथ आगामी दो दिनों में बैठक आहुत की जाएं। बैठक में मुख्य रूप से डीएसटीओ, डीआ-ईओएस, डीबीडब्लूओ, डीपीओ प्रोबेशन, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, ईई यूपीसीडा, पीएम सीएण्डीसी, पीएम यूपीआरएनएनएलडब्लू, ईई यूपीएवीपी, पीएम सेतु निगम, ईई यूपीपीसीएल, ईई आरईडी, ईई जल निगम, डीसीएमओ सहित अन्य अधिकारी,इंजीनियर उपस्थित रहे।





# गाजियाबाद जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद का मण्डलायुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 ने किया औचक निरीक्षण

**योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ ना मिलने पर जताई नाराजगी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का भुगदान समय से किया जाएं :मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद कमरों में साफ,सफाई व शुद्ध वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाए : सेल्वा कुमारी जे0 का मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे0 द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा एनआरसी (Nutrition Rehabilitation Center) का निरीक्षण, मरीजों से पूछताछ और लाभार्थियों को दिये जाने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होने वार्ड में साफ सफाई, सैम बच्चों को दिये जाने वाले बिस्तर चादर सहित अन्य की शुद्धता, खान पान सहित साफ व शुद्ध वातावरण की जांच की, जिससे मण्डलायुक्त सन्तुष्ट दिखाई दी। उन्होने कहा कि कमरों में साफ सफाई व शुद्ध वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाए। सैम बच्चों को समयानुसार पौष्टिक आहार दिया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सैम,मैम बच्चों के खान,पान, मनोरंजन सहित अन्य चीजों का विशेष ध्यान रखा जाएं। इस दौरान उनके अभिभावकों को भी बच्चों के खान–पान के बारे में जानकारी देनी चाहिए, जिससे वे यह जानकारी अपने आस–पड़ोस में रहने वालों, जानकारों, रिश्तेदारों के साथ साझा कर सके, जब अभिभावकों को जानकारी होगी तब कोई भी सैम मैम श्रेणी में नहीं आयेगा। देखभाल करने के साथ–साथ एक अच्छी सलाहकार भी बने। मण्डलायुक्त महोदया ने विभिन्न योजनाओं के तहत बच्चों को अस्पताल द्वारा दिये जाने वाले लाभों सहित अन्य अकाउण्ट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिसमें उन्होने पाया कि समय से पात्र लाभार्थियों का भुगतान नहीं हुआ, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने महिला अस्पताल की सीएमएस को निर्देशित किया कि योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का भुगदान समय से किया जाना सुनिश्चित किया जाएं, जल्द से जल्द पूर्ण भुगतान करते हुए उसकी शत–प्रतिशत रिर्पोट कार्यालय पर भेंजे। उन्होने सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को निर्देशित किया कि किसी भी स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी के द्वारा किसी भी कार्य में लापरवाही या असंवेदनशीलता बरती जाती है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्यवाही करते हुए नोटिस दिया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीएमएस डॉ.अलका शर्मा सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक,कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





## जिला कार्यालय सेक्टर 116 में भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा सदस्यता अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।



संस्कार उजाला
**संवाददाता अरुण शर्मा,नोएडा**
इस कार्यशाला को क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता जी ने की। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को लेकर हमारी तैयारी व्यापक और प्रभावी रहे, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारियों को इस अभियान में नए सदस्य बनाने है। इस अभियान को लेकर मंडल एवं मोर्चा स्तर पर भी कार्यशाला होगी। इस अभियान में सांसद को 20 हजार एवं विधायक को 10 हजार व्यक्तिगत नए सदस्य बनाने है। हर बूथ पर 200 सदस्य निगम आयोग बोर्ड के अध्यक्ष को 1000 एवं पदाधिकारियों को भी 500 का लक्ष्य दिया गया सभी मोर्चों एवं विभाग प्रकोष्ठ को भी नए सदस्य बनाने हे। यह अभियान 1 सितम्बर से 25 सितंबर तक सदस्यता अभियान का पहला चरण चलेगा। 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर सदस्यता अभियान द्वितीय चरण चलेगा। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि हमें इस अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है ताकि नोएडा का नाम पूरे प्रदेश में सबसे ऊपर आये। 1 नवंबर से 10 नवंबर तक प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्ट्रेशन प्लान भी तैयार किया जायेगा। इस अभियान में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहयोग करेंगे और नोएडा महानगर से नए सदस्य बनाने का रिकॉर्ड बनायेगे सदस्यता अभियान के लिए जिला एवं मंडल बूथ स्तर पर टीम गठित की जायेगी, 5 सितंबर को जिला स्तर पर सदस्यता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन होगा उस दिन जिले में सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो जायेगा और 17 सितंबर तक सदस्यता का विशेष अभियान चलाया जाएगा इसके लिए पार्टी ने जिला महामंत्री उमेश त्यागी को सदस्यता अभियान का जिला प्रमुख बनाया है एवं उनके सहयोग के लिए जिला उपाध्यक्ष गिरीश कोटनाला, उमेश यादव एवं शारदा चतुवेर्दी को सहप्रमुख बनाया गया है। इसी तरह सभी मंडलों में एक पदाधिकारी प्रमुख एवं 2 सहप्रमुख बनाए गए है। पार्टी के सभी मोर्चे जगह जगह विशेष कैंप लगाकर भी सदस्य बनाएंगे। आज की कार्यशाला में विमला बाथम, हरीश चंद भाटी, जुगराज चौहान, बिजेंद्र नागर, राकेश शर्मा, राजीव त्यागी, जिला महामंत्री गणेश जाटव, युद्धवीर चौहान, मुकेश शर्मा, अमरीश त्यागी, उमेश यादव, नरेश शर्मा, एस पी चमोली, सचिन अंबावता, मधु मेहरा, प्रमोद बहल, ओम यादव, गोपाल गौर, पंकज झा, शिवानी शरद आदि कार्यकर्ता रहे।

# गाजियाबाद संतोष डेंटल कॉलेज के प्रांगण में निःशुल्क डेंचर वितरण कार्यशाला का आयोजन

**संतोष डेंटल कॉलेज के प्रांगण में नि:शुल्क डेंचर वितरण कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला का आयोजन**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** प्रोस्थोडॉन्टिक्स और क्राउन एवं ब्रिज विभाग द्वारा किया गया, जिसमें आंशिक और पूर्ण रूप से दंतविहीन लगभग 70 मरीजों को डेंचर वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर अक्षय भार्गव द्वारा की गई ।उन्होंने इस पहल को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्य स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे और मरीजों को डेंचर के उपयोग और उनके रखरखाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।कार्यशाला में विभाग के अन्य वरिष्ठ डॉक्टर फैकल्टी सदस्य और स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मरीजों को नि:शुल्क डेंचर देने के साथ-साथ उन्हें डेंचर बॉक्स भी प्रदान किए मैरिज इन डेंचर बॉक्स को पाकर अत्यंत प्रसन्न हुए, क्योंकि ये बॉक्स उनके डेंचर को सुरक्षित रखने और स्वच्छ रखने में सहायक होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मरीजों को नि:शुल्क खाद्य पैकेट भी वितरित किए गए, जिससे वे सभी प्रफुल्लित हुए। इस पहल को मरीजो ने बहुत सराहा और कॉलेज के इस मानवीय प्रयास की प्रशंसा की ।सी एस आर हेड स्वेता चौधरी ने संतोष डेंटल कॉलेज और प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक और सहायक सिद्ध होते हैं। व भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे ,ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके।





## संक्षिप्त डायरी

### गाजियाबाद कवि नगर में गोल्डन क्लब हिंडन रिवर द्वारा मेंबर्स ने कोलकाता में दुखद रेप कांण्ड के विरोध में काली पट्टी बांध कर रैली निकाल कर डॉ बेटी को श्रद्धांजलि दी !

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** कोलकाता में दुखद रेप कांण्ड के विरोध में काली पट्टी बांध कर रैली निकाल कर डॉ बेटी को श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर ॠछ डीसीपी मैम के निर्देश पर महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार पर , सभी मेंबर्स ने मिलकर बंगाल में डा. बेटी पर हुए हिंसक अत्याचार व दुराचार के विरोध में एक मार्च निकाला ! बंगलादेश में हो रहे हिन्दूओ पर अत्याचार पर भी सभी मेंबर्स ने अवाज उठाई तथा इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया ! और कहा कि आज देश किस राह पर चल पड़ा है इंसान क्यों किसी बच्ची की छीन रहा है मुस्कान अपनी इंसानियत छोड़ क्यों बन रहा है हैवान क्यों ढऊ़ढ ,रीजन, पीएसटी , ढ.फ.ड, तीनों कमेटी चेयरपर्सन और सभी ने काली पट्टी बांध कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेंबर्स ने समाज सेवा की भावना का उदाहरण पोस्टर्स द्वारा प्रस्तुत की, न्याय की मांग न्याय चाहिए, डर का अंत हो, दोषी सजा हो , दोषी को बख्शा न जाय , अन्याय मिटाओ अध्यक्षा : ॠछ गीता गुप्ता



# गाजियाबाद विश्व वरिष्ट नागरिक दिवस पर एमसीसी सिगनेचर हाइट्स सोसायटी ए.ओ.ए. ने कार्यक्रम आयोजित कर सभी वरिष्ट निवासियों को सम्मानित किया गया।

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर एमसीसी सिगनेचर हाइट्स की ए.ओ.ए. के द्वारा सोसाइटी के क्लब हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं युवा महासचिव मोनू कुमार त्यागी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के पास दशकों का अनुभव होता है जिसे हम जैसे युवा उनके साथ समय बिता कर अपने जीवन को बेहतर बनाने में सदुपयोग कर सकते हैं। अध्यक्ष विपिन त्यागी ने बताया की उनकी समिति सोसाइटी में इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम समय समय पर करते रहेंगे। अध्यक्ष विपिन त्यागी, महासचिव मोनू कुमार त्यागी सहित ए.ओ.ए. सदस्य डॉ प्रमोद हटवाल, डॉ अनिल कुमार अग्रवाल, सत्यांशु, चंचल आदि ने सभी वरिष्ठ नागरिको को माला पहनाकर सम्मानित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ निवासियों ने नवनिर्वाचित ए.ओ.ए. समिति द्वारा ऐसे कार्यक्रम के आयोजन की पहल करने की सराहना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।सोसाइटी के सम्मानित वरिष्ठ नागरिक बिश्वरंजन डे ने गाना सुनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। मुनीदेव ने ए.ओ.ए. समिति को भविष्य में अपना अनुभव और समय देते हुए कंधे से कंधे मिलाकर साथ चलने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मुनिदेव शर्मा, वासुदेवन, वीरभद्र राय, विजय अग्रवाल, डा राजीव श्रीवास्तव, बिश्वरंजन डे, राम अनुज द्विवेदी, चंद्रदत्त पापनोई, सर्वेश सक्सेना, डा: एस सी सक्सेना, योगेश चंद्र माथुर, दिनेश त्यागी, वीरेन्द्र चौधरी, टी वि अनंतरमन, नागेंद्र सिंह, ए के जोशी, रंजन श्रीवास्तव, राजेश विश्नोई, प्रेमशंकर सिंह, अनिल अग्रवाल, अनिल शर्मा, एस एम मिश्रा, दुष्यन्त त्यागी आदि वरिष्ठ नागरिक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।






### वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना के प्रतिष्ठान पर शहर के गणमय लोगों व व्यवसाईयों ने किया राजा जनक का भव्य स्वागत, सम्मान

संस्कार उजाला
**आगरा।** वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना अध्यक्ष आत्मनिर्भर संस्थान के शास्त्रीपुरम इंडस्ट्रियल एरिया स्तिथ प्रतिष्ठान पर प्रमोद वर्मा ( गुड्डू भाई ) राजा जनक का शहर के गणमय लोगों व व्यवसाईयों ने भव्य स्वागत सम्मान किया व राजा जनक को जानकपुरी में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्वागतता मे मुख्य रूप से महंत निर्मल गिरी, रंवित खुराना,पार्षद प्रदीप अग्रवाल, मुरारी लाल गोयल, विक्रांत खुशवाह, साहूकार सुनील वर्मा, रवि शर्मा, संजय दुबे, मनीष अतुल शर्मा, सतेंद्र तिवारी, महेश सारस्वत आदि शहर के गणमय लोगों व व्यवसायी मोजूद रहे।



## कमिश्नरेट नोएडा के थाना बादलपुर की लापरवाही आई सामने 16 की बेटी व एक दस साल व एक 8 साल का लड़का पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहा रजनीश यादव भटक रहे दर बदर।

**योगीराज में गरीबों के लिए नहीं है न्याय उन्हें है सिर्फ फटकार लाचारी और बेबसी**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** मामला नोएडा के थाना बादलपुर ग्राम बिसनौली का है जहां रजनीश(पति) अपनी पत्नी दो बेटी व एक बेटे का पता लगाने के लिए न्याय की गोहार लगा रहा है। बताते चलें एफआईआर करने के बाद भी बीती 27,7 ,24 की घटना हो गई है जिसमें रजनीश ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी 16 17 साल की है और दूसरी बेटी 10 साल की है रजनीश ने रोते हुए यह भी बताया कि अगर मेरी जवान बेटी एक साथ कल को कुछ अनहोनी हो जाती है तो मैं किस से अपनी पीड़ा व्यक्त करूंगा रजनीश ने बताया कि अगर मेरे बच्चों का पता नहीं चलता है तो मैं अपनी जीवन लीला समाप्त कर दूंगा अब बताते चलें थाना इंचार्ज ने फोन ब्लैक लिस्ट लगा दिया है कोई सुनने को तैयार नहीं है मौके पर उसे भगा दिया जाता है नहीं मिल रहा न्याय कमिश्नरेट बनने का गरीबों को कोई फायदा नहीं, भटक रहे न्याय के लिए दरसल मामला नोएडा के थाना बादलपुर ग्राम बिसनौली का है जहां रजनीश(पति) अपनी पत्नी दो बेटी व एक बेटे का पता लगाने के लिए न्याय की गोहार लगा रहा है। रजनीश का कहना है 27.7.2024 से उसकी बीवी दोनों बेटी और बेटा लापता है ।पत्नी उजाला देवी उम्र 38 वर्ष जो अपने साथ लड़की काजल जिसकी उम्र 16 वर्ष, अंजलि उम्र 10 वर्ष बेटा गौरव उम्र 8 वर्ष को लेकर 27/07/2024 से गायब है उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा रजनीश को अंदेशा है उनके बच्चों के साथ कोई अप्रिये घटना घटित ना हो गई हो, जिसको लेकर नोएडा के थाना बादलपुर में निरंतर चक्कर लगा रहा है मगर पुलिस प्रशासन उसकी सुनने को तैयार नहीं है एक बेचारा बाप करें तो क्या करें व्हाइट रजनीश यादव




# विश्व मच्छर दिवस के रूप में मनाया गया

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद।** 20 अगस्त 2024 को मलेरिया दिवस के रूप में मनाया गया बताते चलें कि इस दिवस पर मलेरिया रोग की खोज डा० रोनाल्ड रॉस के द्वारा की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यालय स्तर पर मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें के संबंध में संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें फील्ड स्तर के स्टाफ को डेंगू एवं मलेरिया के मच्छर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं विभेदीकरण / चिन्हिकरण के बारे में जानकारी दी गयी। इसके लिये जिला एम०एम०जी० चिकित्सालय में प्रातः कालीन संगोष्ठी की गयी जिसमें मलेरिया यूनिट एवं नगर निगम के फील्ड स्टाफ का संवेदीकरण किया गया। इसके उपरान्त अपरान्ह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के सभागार में समस्त पी०एच०सी०/सी०एच०सी० के फील्ड स्टाफ, संवेदनशील क्षेत्रों के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के फील्ड स्टाफ के साथ-साथ संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष में लगे हुये डयूटी स्टाफ का संवेदीकरण करते हुए आगामी समय में वैक्टर जनित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयार रहने के निर्देश निर्गत किये गये। इस संवेदीकरण बैठकों में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी वैक्टर बोर्न, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जनपदी स्तरीय एपिडिमियोलोजिस्ट ने मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु अपने-अपने अनुभवों को साझा करते हुए। उपस्थित स्टाफ, नगर निगम स्टाफ, मलेरिया के फील्ड स्टाफ का संवेदीकरण किया, इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि गत वर्ष जहाँ पर डेंगू के केस अधिकता में पाये गये थे, उन क्षेत्रों को पहले से ही रेकी करते हुए आवश्यक गतिविधियाँ ससमय सुनिश्चित कर ली जाये।



# दबंगों ने हमला कर पीट डाला

संस्कार उजाला
**ग्रेटर नोएडा** के डेल्टा गोलचार, नवादा गाँव के समीप थाना सूरजपुर के अंतर्गत शीतला देवी शनि मंदिर में दबंग पहलवानों ने आज सुबह तकरीबन 10 बजे चड़ी संख्या में पहुंचकर मंदिर पर हमला बोल दिया। मंदिर के महंत, अन्य पुजारियों व सेवादारों को लोहे के एंगलों से पीट कर वहीं से फरार हो गए। मंदिर के महंत ने बताया कि यह तमाम लोग मंदिर के आस पास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं और सभी पहलवान है। यह सभी लोग अलग अलग क्लबों में बाउंसरों का कार्य करते हैं। इन बदमाशों की अगुवाई कर रहे रंजीत पहलवान, कालू भाटी, अजय भाटी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और इल पर कई मामले दर्ज हैं। इन सभी का मुख्य उद्देश्य पहलवानों को एकजुट कर के आस पास की जमीनों पर कब्जा करना है इसी मंशा से यह मंदिर के अंदर आए दिन अराजकता और हंगामा करते रहते हैं। महंत ने बताया कि जब इनको इस कार्य से रोका गया तो इन सभी लोगों ने योजना बनाकर भारी मात्रा में इकट्ठा होकर मंदिर पर हमला बोल दिया। इस पूरे मामले की शिकायत ग्रेटर नोएडा के उच्च पुलिस अधिकारियों को दी गई है साथ ही पुलिस को पूरे मामले का शटङ्ग फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है। योगी सरकार में संतों पर हमला यो भी एक विशेष हिन्दू बिरादरी द्वारा बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला है। संतों ने अपनी सुरक्षा के लिए कमिश्नर नोएडा से जुहार भी लगायी है। मंदिर के महंत किसी भी अप्रिय घटना के दोबारा होने का अंदेशा भी जता रहे है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011